Volume I , Issue I
Jan. - March 2013

Reg. No.- MPHIN/28519/12/1/2012- TC

Naveen Shodh Sansar

(International Research Journal)

नवीन शोध संसार

Editor - Ashish Sharma

Physics, Chemistry, Biology, Botany, Geology, Maths, Management, Commerce, Computer Science, Engineering, English Literature, Sanskrit Literature, Hindi Literature, Sociology, Political Science, History, Law, Mass Communication, Psychology, Economics, Home Science & Multi Disciplinary Research Journal

सम्पादक की अभिव्यक्ति...

प्रिय शोधार्थियों एवं मित्रों,

जैसा कि आप सभी जानते है कि विभिन्न क्षेत्रों में शोध कार्यों के माध्यम से ही मानव विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। यह शोध कार्यों का ही सुपरिणाम है कि आज हम विभिन्न प्रकार की ऊर्जाओं का उपयोग कर हमारे जीवन को प्रकाशमय कर रहे है। मिलों का सफर कुछ घण्टों या मिनटों में तय कर रहे है, लाईलाज बीमारियों का उपचार संभव हो रहा है, दुनिया के किसी भी कोने में बैठकर एक दूसरे के संपर्क में रहते है, आदि ऐसे बहुत से कार्य है जिन पर हुए शोध ने हमारे जीवन को सरल व सुगम बनाया है।

ऐसे समय में जहाँ तकनीकि रूप से नित नये आविष्कार हो रहे है, आमजन को इनकी सुव्यवस्थित जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, इसी भावना से प्रभावित होकर, जगत्गुरू शंकराचार्य स्वामी दिव्यानन्दजी तीर्थ महाराज के शुभाशीर्वाद एवं अपने पिता प्रो. डॉ. एल.एन. शर्मा एवं माता श्रीमती तारा शर्मा की प्रेरणा से मैंने 'नवीन शोध संसार' का प्रकाशन मालवा की इस भूमि से आरम्भ किया है। इस शोध पत्रिका के माध्यम से मेरा प्रयास रहेगा कि शोध कार्यों को नये आयाम प्रदान करते हुए समाज व राष्ट्र के हित में अधिकाधिक उपयोगी सिद्ध हो एवं शोधार्थियों को नये शोध के लिये प्रोत्साहन मिल सके।

मेरा विश्वास है कि मेरा यह प्रयास आप सभी प्रबुद्ध पाठकों को नये शोध कार्यों से परिचित कराएगा। इसमें आपके सुझावों का हमेशा स्वागत है साथ ही आपसे अनुरोध है कि इस शोध पत्रिका में आप क्या नवीनता चाहते हैं, आपकी शोधार्थियों से क्या अपेक्षा हैं, इस प्रकार की अपनी भावनाओं से हमें अवश्य अवगत कराएं जिससे शोध पत्रिका को अधिकाधिक उपयोगी बनाया जा सके।

मैं सभी शोधार्थियों, प्रियजनों एवं मित्रों को धन्यवाद देना चाहूँगा जिन्होंने मेरे इस छोटे से प्रयास में अपना योगदान देकर मुझे प्रोत्साहित किया।

-आपका

Ashish Sharma

आशीष शर्मा

'नवीन शोध संसार' का छोटा-सा अनुरोध-

- पेड़-पानी, ऊर्जा और बेटी बचाएँ
- गुटखा, बीड़ी, सिगरेट एवं शराब को ना कहें, इनसे कैंसर होता है।

इस शोध पत्रिका को प्रकाशित करते हुए पूर्ण सावधानी बरती गई है, फिर भी किसी प्रकार की त्रुटी के लिये सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक जिम्मेदार नहीं होंगे। समस्त विचारों का न्यायक्षेत्र नीमच होगा।

'श्री गणेशाय नमः'

नवीन शोध संसार

Reg. No.- MPHIN/28519/12/1/2012- TC

Volume I , Issue I, Jan. - March 2013

संरक्षक-

डॉ. एल.एन. शर्मा 9425974314

प्राध्यापक वाणिज्य

शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच

सम्पादक

आशीष शर्मा

मो. 9617239102

प्रबंध सम्पादक

अपूर्व शर्मा

मो. 8989670811

क्षेत्रीय सम्पादक (अवैतनिक)

- डॉ. ज्ञानचन्द खिमेसरा
  प्राचार्य -शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर
- डॉ. अनूप व्यास
  प्राध्यापक- वाणिज्य
  शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर

सम्पादकीय सलाहकार मण्डल

- डॉ. पद्मसिंह पटेल
  शासकीय महाविद्यालय, महिदपुर

कार्यालय- 'नवीन शोध संसार'
'श्री श्याम भवन' 795, विकास नगर 14/2 विस्तार
नीमच (म.प्र.) 458 441 ☎ 07423-222662
Email: nssresearchjournal@gmail.com
Website: www.nssresearchjournal.com

सदस्यता शुल्क विवरण

- संस्थागत वार्षिक- 1000 रू.
- शोधार्थी वार्षिक - 600 रू.
- आजीवन - 11000 रू

शोधपत्र सहयोग राशि

- एक शोधार्थी- ₹ 1200/- (प्रति शोध पत्र)
- दो शोधार्थी- ₹ 1800/- (प्रति शोध पत्र)
- तीन शोधार्थी- ₹ 2400/- (प्रति शोध पत्र)

(प्रति शोध पत्र अधिकतम 2000 शब्द/4 A4 पेज)
अतिरिक्त प्रति A 4 पेज ₹ 300/-
(शोध पत्र सहयोग राशि में वार्षिक सदस्यता शुल्क सम्मिलित है)

प्रिन्ट- मित्तल प्रिन्ट लाईन, 282 विकास नगर 14/4, नीमच ☎ 228654

अनुक्रमणिका/Index

1. रोजगार सृजन में मनरेगा की प्रगति का मूल्यांकन 10
शोधकर्ता: डॉ. प्रकाश चन्द्र रांका, सुश्री रेखा मेहना

2. मानवाधिकार, संवैधानिक उपबन्ध और पुलिस प्रशासन 14
शोधकर्ता:डॉ. रवीन्द्र कुमार सोहोनी, डॉ. नीरजा सोहोनी

3. बालिका सशक्तिकरण में उच्चशिक्षा की भूमिका 16
शोधकर्ता: डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. पी.एस.पटेल

4. उपभोक्ताओं के आर्थिक हित संरक्षण में जिला उपभोक्ता फोरम का योगदान 20
शोधकर्ता: समता मेहता (कटारिया)

5. डॉ. पुरन सहगल का रचना संसार 22
शोधकर्ता: डॉ. राजेन्द्र पैन्सिया, डॉ. कृष्णा पैन्सिया

6. योजना में मानव के आयाम 26
शोधकर्ता : ड़ॉ. रिखब चन्द्र जैन

7. समाज आधारित या समाजोन्मुखी विधिक शिक्षा 28
शोधकर्ता: डॉ. नरेन्द्र कुमार जैन

8. B-Z Oscillatory reactions: Study of BrO3--oxalic acid-acetone systems. 30
Reseacher : Dr. B. K. Dangarh, Deepika Jain and Suresh Chandra Gehlot

9. Maximum Limit of Rotational energy transfers in C_2 - He and Power-gap law. 34
Reseacher : Dr. N. K. Dabkara, D. S. Firozia and G. Ahirwar

10. Vital Role of Virtual Class in Language Learning 38
Reseacher : Dr.Ajay Bhargava, V.K.Soniya

11. NATURAL DYE AND HEALTHY ENVIOURMENT AND HUMEN HEALTH. 40
Reseacher : Dr.Smriti Agarwal

12. E-commerce In India - Present And Future With The Real Challenges 44
Reseacher : Dr. D.L. AHIR, Dr. L.N. SHARMA, ASHISH SHARMA

13. Green Marketing - New Initiatives With Challenges 48
Reseacher : Dr. G.K. Kumawa

14. The Role Of Marketing Information System In Recent Marketing Management 52
Reseacher : Dr. V.K. Jain, Dr. Anil Jain

15. The Impact of Modern living and technology on Daily life and Human Health. 56
Reseacher : Dr. Smriti Agarwal

16. Better execution plan for Kisan Credit Card in India 58
Reseacher : Dr. L.N. SHARMA, ASHISH SHARMA

शुभकामना संदेश



रघुनन्दन शर्मा
संसद सदस्य
(राज्य सभा)

बी–202, एम.एस. फ्लैट्स
बी.के.एस. मार्ग,
नई दिल्ली–110 001
दूरभाष: 011–23766494

यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि प्रदेश के मालवांचल में नीमच जिले से अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका ''नवीन शोध संसार'' का प्रकाशन किया जा रहा है। आपका यह सकारात्मक व सृजनात्मक प्रयास नवीन तथ्यों की खोज या नवीन निष्कर्ष से समाज, देश व शोधार्थियों का लाभ होगा। विज्ञान, कला, वाणिज्य, प्रबंध, गृह विज्ञान, विधि, सहित सभी विषयों में शोध के नये आयाम प्रस्तुत होंगे।

आपकी शोध पत्रिका राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करें इस हेतु मैं आपको हार्दिक शुभकामनाऐं प्रेषित करता हूँ।

रघुनंदन शर्मा

* * * * * * * * * * * *

शुभकामना संदेश

मीनाक्षी नटराजन
संसद सदस्य
(लोकसभा)

24, अकबर रोड़, नई दिल्ली
दूरभाष– 011–23061813

यश नगर, मन्दसौर (म.प्र.)
दूरभाष: 07422–256400

शोधार्थियों को प्रोत्साहित करने व नवीन शोध प्रक्रियाओं से समाज को अवगत कराने के उद्देश्य से आपके द्वारा 'नवीन शोध संसार' के प्रकाशन का कार्य प्रशंसनीय एवं स्तुत्य है। आपके इस शुभ संकल्प से नवीन अनुसंधानकर्ताओं को शोध कार्य में गति मिलेगी। आपको व सम्पादक मण्डल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित करती हूँ।

(मीनाक्षी नटराजन)

शुभकामना संदेश

खुमानसिंह शिवाजी
विधायक- नीमच
मध्यप्रदेश विधान सभा

निवास: 2 गाँधी नगर, नीमच केन्ट
जिला- नीमच (म.प्र.)
दूरभाष: 07423-221373

डी-13, 74 बंगला, भोपाल (म.प्र.)

प्रिय,
आशीष शर्मा
सम्पादक- नवीन शोध संसार, नीमच (म.प्र.)

यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि म.प्र. के नीमच जिले में प्रथम बार राष्ट्रीय शोध पत्रिका ''नवीन शोध संसार'' का प्रकाशन होने जा रहा है। यह शोध पत्रिका शोधकर्ताओं के लिए अति उपयोगी होकर समाज को नये अनुसंधान से भी लाभांवित करेगी।उच्च शिक्षा के गुणवत्ता विस्तार वर्ष में नये आयाम के साथ अपने उद्देश्यों को पूरा करने हेतु मेरी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित करता हूँ।

खुमानसिंह शिवाजी

* * * * * * * * * * * *

शुभकामना संदेश

ओमप्रकाश सखलेचा
विधायक- जावद
मध्यप्रदेश विधानसभा

सखलेचा घांटी, जावद (म.प्र.)
फोन: 07420-232595
ई-44,45 बंगला एरिया, भोपाल (म.प्र.)

ए/4 प्रोफेसर कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.)
फोन: 0755-5293979
मोबा: 9425012604

आपके द्वारा नीमच जिले में राष्ट्र शोध पत्रिका ''नवीन शोध संसार'' पत्रिका का प्रकाशन प्रथम बार आरंभ होने जा रहा है। इस पत्रिका के माध्यम से जो अनुसंधान किये जा रहे है। उनकी जानकारी आम जनता तक पहुचेंगी एवं शोधकर्ताओं विद्यार्थियों एवं आमजन लाभान्वित होंगे। पुन: आशा है कि यह पत्रिका स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उपयोगी शोध के क्षैत्र में मील का पत्थर साबित होगी। यह एक सराहनीय प्रयास है। इसके लिए आप बधाई के पात्र है एवं भविष्य में भी ऐसे कार्यो की प्रेरणा का संदेश समाज के अन्य वर्गो में चेतना का संचार करेगा।

इस शुभ अवसर पर हार्दिक अभिनंदन एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं सहित।

ओमप्रकाश सखलेचा

शुभकामना संदेश

विजेंद्रसिंह मालाहेड़ा
(विज्जु बना)विधायक
क्षेत्र क्रमांक–228, मनासा,
जिला नीमच (म.प्र.)

निवास: ग्राम पोस्ट मालाहेड़ा
तह, मनासा, जिला नीमच
फोन: 07421249804
मो.: 0925440840, 0966015544

भोपाल: ई–135/2 प्रोफेसर कॉलोनी
फोन: 2440501

प्रिय,
आशीष शर्मा
सम्पादक- नवीन शोध संसार,
महोदय,

आपके 'नेशनल रिसर्च जर्नल' के प्रथम अंक के प्रकाशन हेतु मेरी ओर से बधाई एवं बहुत–बहुत शुभकामनाएं, यह बहुत ही अनुठा एवं सराहनीय कार्य है। मैं ईश्वर से कामना करता हूं कि इस कार्य में आपको असीम सफलता प्राप्त हो। पुन: आपको बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

विजेंद्रसिंह मालाहेड़ा

* * * * * * * * * * * *

शुभकामना संदेश



ईश्वरसिंह चौहान
अध्यक्ष
जिला पंचायत, नीमच (म.प्र.)
फोन: (0743) 230401 (ओ.)

38, सिंधी कॉलोनी, हेमु कालानी चौराहा
अमृतकुंभ प्रेस के सामने, नीमच (म.प्र.)
मोबा: 9425106022

भँवरासा, जिला नीमच (म.प्र.)
फोन: (07423) 261611

प्रिय आशीष जी शर्मा,

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि नीमच जिले में प्रथम बार नेशनल रिसर्च जर्नल ''नवीन शोध संसार'' का प्रकाशन किया जा रहा है। यह प्रकाशन जिले के शिक्षा क्षैत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

''नवीन शोध संसार'' नेशनल रिसर्च जर्नल के प्रकाशन से क्षैत्र के जिज्ञासु शोधार्थियों को अपने सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक शोध को प्रदेश, देश व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलेगी व नवशोधार्थियों को प्रोत्साहन मिलेगा। नवीन शोध समाज के लिए लाभदायक होकर इनका जर्नल के रूप में प्रकाशन सफल हो ऐसी कामना है ।

हार्दिक शुभकामनाएं,

ईश्वर सिंह चौहान (पहलवान)
अध्यक्ष
जिला पंचायत, नीमच (म.प्र.)

शुभकामना संदेश

निरंजन (राजू) तिवारी
अध्यक्ष
कृषि उपज मंडी समिति, नीमच

निवास : ''प्रतिक्षा'' भगवानपुरा,
इन्दिरा नगर, नीमच (म.प्र.)
दूरभाष: 07423-233964
मो. 09685806338

प्रिय,
आशीष शर्मा

आपके द्वारा समाज को नवीन शोध से अवगत कराने व अनुसंधानकर्ताओं के शोध कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए किये जा रहे समाज उपयोगी व सकारात्मक प्रयास की मैं सराहना करता हूँ।

प्रिय बंधु, समाजपयोगी कार्यों में सदैव ईश्वर आपको आशीर्वाद स्वत: ही प्रदान करेगा और आपके द्वारा प्रकाशित पत्रिका ''नवीन शोध संसार'' के प्रथम अंक के प्रकाशन हेतु भी, मैं आपको हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ तथा परमपिता परमेश्वर से यह कामना करता हूँ कि आपके द्वारा किये जा रहे इस बहुमूल्य कार्य को सफलता प्रदान करें। पुन: शुभकामनाऐं।

निरंजन (राजू) तिवारी

* * * * * * * * * * *

श्रीमती नीता हरीश दुआ
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद, नीमच

निवास: 165, राजस्व कॉलोनी,
नीमच केन्ट (म.प्र.)
दूरभाष : 0723- 221342
कार्यालय : 07423-220833
मो. 9425328366

प्रति,
श्री आशीष शर्मा

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आप नीमच में शोध पत्रिका 'नवीन शोध संसार' का प्रकाशन प्रारंभ करने जा रहे है।

शोध कार्य जितना दुरूद्ध, कठिन एवं श्रम साध्य होता है, उतना ही पथ प्रदर्शक, उत्प्रेरक तथा भविष्य निर्धारण में सहयोगी भी होता है। आप एक पत्रिका के माध्यम से शोधार्थियों और शोध कर्म की सुगमता के लिये निरंतर उपयोगी एवं सार्थक सामग्री सुलभ करवाने के पालन ध्येय से एक महाभियान शुरू करने जा रहे है।

इस पावन प्रसंग एवं पहल के संदर्भ में मैं आपका हार्दिक अभिनंदन करती हूँ और 10 मार्च 2013 को प्रकाशित होने वाले प्रवेशांक से शुरू होने वाली इस ज्ञान यात्रा की व्यापक सफलता के लिये हृदय से शुभकामनाएँ अर्पित करती हूँ।

आप उत्तरोत्तर प्रगति करें और आपका यश बढ़े, इन्हीं मंगलकामनाओं के साथ..

(नीता-हरीश दुआ)

शुभकामना संदेश

जे.एन.कांसोटिया
प्रमुख सचिव

दूरभाष: (कार्या.) 91-0755-2441056, 2674923 (फैक्स)
मध्यप्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, भोपाल (म.प्र.)

अत्यंत हर्ष का विषय है कि नेशनल रिसर्च जर्नल द्वारा ''नवीन शोध संसार'' का प्रकाशन किया जा रहा है। संस्था द्वारा प्रकाशित ''नवीन शोध संसार'' शोधकर्ताओं को प्रोत्साहन देने तथा शोध कार्यो की प्रगति एवं उपलब्धताओं को रेखांकित कर जनमानस तक पहुंचाने में सार्थक सिद्ध होगी।

कृपया ''नवीन शोध संसार'' के प्रथम अंक के प्रकाशन तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(जे0एन0 कांसोटिया)

* * * * * * * * * * * *

शुभकामना संदेश

प्रो.टी.आर.थापक
कुलपति

विक्रम विश्वविद्यालय
उज्जैन (म.प्र.) 456010 भारत
दूरभाष: 0734-2514270 (कार्या.)
फैक्स: 0734-2514276

यह प्रसन्नता का विषय है कि मध्यप्रदेश के प्रमुख विकासशील जिलों में एक नीमच से राष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिका ''नवीन शोध संसार'' के प्रथम अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। वर्तमान दौर में शोध कार्यो को प्रोत्साहन देने के लिए व्यापक प्रयासों की आवश्यकता बढ़ती जा रही है।

साथ ही शोध कार्यो को शैक्षिक एवं सामुदायिक विकास के लिए प्रभावी बनाने की जरूरत है। इस प्रकार की शोध-पत्रिकाएं श्रेष्ठ शोध कार्यो को प्रसारित करने के साथ ही समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में प्रभावी सिद्ध हो सकती है।

मैं शोध पत्रिका ''नवीन शोध संसार'' के सार्थक एवं सफल प्रकाशन के लिए अपनी हार्दिक मंगलकामनाएं अर्पित करता हूँ।

(प्रो.टी.आर.थापक)

शुभकामना संदेश

डॉ.श्रीमती उषा श्रीवास्तव
अतिरिक्त संचालक
उच्च शिक्षा विभाग, उज्जैन संभाग,
उज्जैन (म.प्र.)

कार्यालय: शास. माधव विज्ञान
महाविद्यालय परिसर, उज्जैन (म.प्र.)
दूरभाष: 0734-2510267

मुझे यह जानकार अतीव प्रसन्नता हो रही है कि 'नवीन शोध संसार' द्वारा राष्ट्रीय शोध जर्नल का प्रकाशन किया जा रहा है। एक विकसित राष्ट्र के लिए मौलिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी, समाज विज्ञान एवं माननीय ज्ञान के विशिष्ट व्यवहारों में निरंतर शोध की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश और विशेषत: मालवांचल के लिए शोध का यह प्रवेशांक बड़े अभाव की पूर्ति करेगा और नियमित प्रकाशन से शोध की दिशा को प्रशस्त करेगा।

मैं शोध की दिशा में मालवांचल से राष्ट्रीय स्तर पर इस रिसर्च जर्नल के प्रकाशन पर बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूँ। आपके पथ प्रशस्त एवं शोध प्रतिमा के विकास के लिए उपकारी सिद्ध हों।

(डॉ.श्रीमती उषा श्रीवास्तव)

* * * * * * * * * * * *

शुभकामना संदेश

डॉ.ज्ञानचंद खिमेसरा
एम.ए., एल.एल.बी, पीएच.डी, डी.लिट्

राजीव गांधी शास. स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.)458001
दूरभाष: 07422-256291 (कार्या.)
244293, 407117 (निवास)
फेक्स: 07422-223183

शोध प्रकाशन एक भीष्म संकल्प है। पुरोधा पुरूषार्थ से अभिप्रेत मनुष्य ही इसकी पूर्ति कर सकता है। शोध प्रकाशन नये गवाक्ष खोल सकेगा, ऐसी मेरी अपेक्षा है। श्री आशीष शर्मा अपनी युवा ऊर्जा से इस चुनौती को स्वीकार कर रहे है। नयी पीढ़ी इससे लाभांवित होगी। अक्षरों का यह प्रगल्प अक्षुण्य योगदान का अभियान है।

सुधि चिंतकों, लेखकों, शोधार्थियों के लिए नवीन आकाश होगा। अपेक्षा है ज्ञान की साधना में रत शोधार्थी अपनी अंजलि अर्पित करेंगे। प्रकाशन के क्षैत्र में एक नई ज्योति उदिप्त होगी। चिंतन मंथन के अमृत में कुछ नव नवोन्मेष होगा। यह साहित्य का अभिज्ञान प्रदेय होगा।

अनन्त शुभकामनाओं के साथ...

(डॉ.ज्ञानचंद खिमेसरा)
प्राचार्य

शुभकामना संदेश



डॉ.शंकर लाल गोयल
एम.ए. (स्वर्ण पदक), एम.फिल. (प्रावीण्य)
एल.एल.बी. (प्रावीण्य), पीएचडी

प्राचार्य
शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय
जावद, जिला नीमच (म.प्र.)
दुरभाष: 07420-232356 (ऑ)
9827306660

शोध पत्रिकाओं में एक और अभिवृद्धि– ''नवीन शोध संसार'' के प्रकाशन की पहल से अवगत हो अत्यंत प्रसन्नता हुई । म.प्र. के सीमान्त एवं अपेक्षाकृत लघु जिले से यह सकारात्मकता न केवल प्रशंसनीय है वरन वंदनीय भी। चुनौती भरे कार्य के लिए बधाई से ज्यादा शुभकामनाएं स्वीकार कीजिए।

शोध ज्ञान के संशोधन की आधारभूत प्रक्रिया है। नवीन तथ्यों की खोज या पुरातथ्यों के आधार पर नवीन निष्कर्षों के निष्पादन की पक्रिया में ही ज्ञान विज्ञान और प्रकारान्तर से विश्व की प्रगति सन्निहित है। इसीलिए भारत समेत सारी दुनिया में उच्च शिक्षा के क्षैत्र में शोध/अनुसंधान पर सर्वाधिक बल दिया जाता है।

विज्ञान की शोधों और उनके अनुप्रयोगों ने आज दुनिया का चेहरा ही बदल दिया है। विभिन्न क्षैत्रों के नवीन अविष्कारों ने जीवन को सुविधा सम्पन्न बनाते हुए परिवर्तन की प्रक्रिया को तीव्र किया है। कला और वाणिज्य के क्षैत्र के शोध प्रत्यक्ष तो जीवन को उस गति से प्रभावित नही करते जितने विज्ञान के पर व्यक्ति सोच और सामाजिक संघटना पर उनके शनै:शनै: किंतु व्यापक प्रभाव से इंकार नही किया जा सकता।

भारत में शोध की स्थिति को लेकर अनेक चिंतनीय प्रश्न प्राय: उठते रहे है। परिश्रम और ईमानदारी की अपेक्षा इस क्षैत्र को सर्वाधिक है। ज्ञान के विभिन्न अनुशासनों के अच्छे-अच्छे शोध पत्र इस त्रैमासिक पत्रिका में प्रकाशित हों-ज्ञान के संवर्धन के सेतु बने और अध्येताओं के वैयक्तिक प्रगति के आधार भी।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ...

(डॉ.एस.एल. गोयल)

* * * * * * * * * * * *

शुभकामना संदेश

डॉ.श्रीमती अशोका श्रीवास्तव
प्राचार्य
स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.)

148 ''आकाश दीप''
शिक्षक कॉलोनी, नीमच (म.प्र.)
मोबा. नं. 9926556228

प्रसन्नता का विषय है कि नीमच नगर में शोध पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ होने जा रहा है। आशा है कि इसमें प्रकाशित रचनायें उच्च अध्ययन में उपयोगी तथा इस पत्रिका को संग्रहणीय पुस्तक के रूप में स्थापित करने में सफल होंगी।

पत्रिका के सफल प्रकाशन की शुभकामनाओं सहित....

(डॉ.श्रीमती अशोका श्रीवास्तव)

शुभकामना संदेश

डॉ.आर.एस.वर्मा
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय, बड़नगर

कार्यालय-
प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, बड़नगर
दूरभाष: 07367-280222,
ई-मेल barnaga_college@rediffmail.com

प्रिय श्री आशीष शर्माजी,

ज्ञात हुआ है कि नीमच जिले से पहला शोध जर्नल ''नवीन शोध संसार'' के नाम से 10 मार्च 2013 को प्रकाशित करने जा रहे है। यह प्रसन्नता का समाचार है कि मालवा क्षैत्र के शोधार्थियों को अब अपने शोध के सम्बंध में जानकारी देने के लिए प्रकाशन के लिए अन्यत्र कहीं भेजने की आवश्यकता नही होगी तथा शोध की विषय वस्तु अब शीघ्र ही प्रकाशित हो सकेगी।इस शुभ अवसर पर मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाऐं आप एवं आपके परिवार को देता हूँ जिनकी प्रेरणा से आपने इस दुष्कर कार्य को करने का संकल्प लिया है। इसकी गुणवत्ता पर सदैव ध्यान रखें एवं विद्वान व्यक्तियों का सहयोग प्रकाशन के सम्बंध में प्राप्त करते रहे यही आपसे अपेक्षा है। ईश्वर आपको सफलता प्रदान करें यही विनय है।

अनेको शुभ एवं मंगलकामनाओं सहित।

(डॉ. आर.एस. वर्मा)

* * * * * * * * * * * *

शुभकामना संदेश



राकेश भारद्वाज
अध्यक्ष
मण्डी व्यापारी संघ, नीमच

कार्यालय -
व्यापारी संघ, मंडी प्रांगण,
नीमच (म.प्र.)458441
मो. 9425106472

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि म.प्र. के मालवांचल के विकासशील नीमच जिले से अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका ''नवीन शोध संसार'' का प्रकाशन आपके द्वारा किया जा रहा है। यह शोध पत्रिका शोध के नये आयाम प्रस्तुत कर दुनिया को लाभांवित करेगी व शोध को गति प्रदान कर शोधार्थियों को भी प्रोत्साहित करेगी। इस चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए मैं आपको हार्दिक शुभकामनाऐं प्रेषित करता हूँ आपकी शोध पत्रिका को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त हो।

आपका
राकेश भारद्वाज

रोजगार सृजन में मनरेगा की प्रगति का मूल्यांकन

(नीमच जिले के विशेष सन्दर्भ में)

डॉ. प्रकाश चन्द्र रांका
प्राध्यापक – अर्थशास्त्र
श्री सीताराम जाजू शासकीय
कन्या महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.)

सुश्री रेखा मेहना
पीएच.डी. शोध छात्रा
राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.)

भारत की करीब 70 प्रतिशत से अधिक आबादी अभी भी गाँवों में रहती है। जब तक गाँवों में रहने वाली लगभग 85 करोड़ से अधिक आबादी का विकास नहीं होगा, तब तक भारत का पूर्ण विकास नहीं हो सकता है। चिन्तनीय पहलू यह है कि हाल के वर्षो में भारत में ग्रामीण बेरोजगारी में वृद्धि हुई है। 1993–94 से 2004–05 के बीच ग्रामीण रोजगार में 0.58 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से वृद्धि हुई, जबकि ग्रामीण श्रम शक्ति में होने वाली वृद्धि इससे कहीं अधिक थी।

ग्रामीण क्षेत्रों में लाभकारी रोजगार के अवसरों का सृजन न होने के कारण बहुत से ग्रामीण परिवारों की आय में तेजी से गिरावट दर्ज की गई। बिगड़ती हुई आर्थिक स्थिति से मजबूर होकर कई किसानों ने आत्महत्या की। इसी मानव त्रासदी को स्वीकार करते हुए केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम (NREGA) सितम्बर 2005 में पारित किया।

इसे 2 फरवरी 2006 को लागू किया गया तथा चरणबद्ध तरीके से इसका क्रियान्वयन किया गया। प्रथम चरण में इसे देश के 200 सबसे पिछड़े जिलों में लागू किया गया तथा दूसरे चरण में 2007–08 में इसका और 130 जिलों में विस्तार किया गया। तीसरे चरण में 1 अप्रेल 2008 से शेष सभी बचे हुए 274 ग्रामीण जिलों में भी इसे लागू कर दिया गया।

इस प्रकार अब राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना भारत के सभी 604 जिलों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का ढांचा मजबूत करने हेतु भारतीय अर्थव्यवस्था के ऊर्जात्मक विकास का आधार स्तम्भ बन गई है। 2 अक्टूबर 2009 से इस योजना का नाम महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (MGNREGS) कर दिया गया।

मनरेगा की मुख्य विशेषताएँ

मनरेगा अधिनियम का लक्ष्य यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका सुरक्षा की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिये एक वित्त वर्ष के दौरान प्रत्येक ऐसे ग्रामीण परिवार के एक वयस्क सदस्य को न्यूनतम 100 दिन रोजगार की गारण्टी प्रदान करता है, जो अकुशल शारीरिक श्रम के लिये तैयार है। इसके अन्तर्गत पंजीकृत परिवार का वयस्क सदस्य अकुशल मानव श्रम हेतु आवेदन करने का पात्र है।

जॉब कार्ड प्राप्त होने पर रोजगार हेतु ग्राम पंचायत में आवेदन प्रस्तुत किया जाता है। मजदूरी श्रम आयुक्त द्वारा कृषि श्रमिकों के लिये निर्धारित दर से अथवा केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित दर से दी जायेगी। इस अधिनियम का दूसरा उद्देश्य स्थायी सम्पदाओं का निर्माण करना और ग्रामीण गरीबों के आजीविका संसाधन आधार को मजबूती देना है।

इस अधिनियम में सुझाए गए कार्यों में सूखा, वन विनाश, मृदा क्षरण आदि ऐसे कारणों को दूर करने का प्रयास किया गया है, जो स्थायी गरीबों को जन्म देते है। इसके पीछे यही सोच रही है कि रोजगार संवर्द्धन की प्रक्रिया एक टिकाऊ आधार पर चलती रहे। यह कार्यक्रम अधिकार आधारित ढांचे तथा मांग प्रेरित दृष्टिकोण के कारण पिछले मजदूरी रोजगार कार्यक्रमों से नितान्त भिन्न है। इस योजना की मुख्य विशेषताएँ निम्नानुसार है –

1. समयबद्ध रोजगार गारण्टी तथा 15 दिनों में मजदूरी भुगतान।
2. राज्य सरकारों को रोजगार प्रदान करने के लिये प्रोत्साहन। यदि राज्य सरकार रोजगार प्रदान करती है तो उसकी 90 प्रतिशत लागत केन्द्र सरकार उठाएगी और यदि वह 15 दिनों में रोजगार उपलब्ध नहीं करा पाती है तो आवेदक को पूरे का पूरा बेरोजगारी भत्ता उसे स्वयं देना होगा।
3. मशीनरी का प्रयोग किए बिना श्रम प्रधान कार्यक्रमों को लागू करना। ठेकेदारी प्रथा भी प्रतिबंधित की गई है।
4. लाभार्थियों में कम से कम 33 प्रतिशत महिलाएँ होनी चाहिए।
5. इस अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी का भुगतान बैंको या पोस्ट ऑफिस खातों के माध्यम से करना अनिवार्य है। इससे निर्धनों के वित्तीय अन्तर्वेशन (financial inclusion) में मदद मिलेगी।
6. मनरेगा के आयोजन, क्रियान्वयन तथा देखरेख में पंचायतों को महत्वपूर्ण भूमिका सोंपी गई है। योजनाएँ तैयार करना, उनका अनुमोदन करना तथा उनका कम से कम 50 प्रतिशत लागत तक क्रियान्वयन करना पंचायतों की जिम्मेदारी है।
7. कार्यस्थल पर तात्कालिक उपचार सुविधा, पेयजल, छाया हेतु शेड, झूलाघर आदि उपलब्ध कराया जाता है।
8. अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए किसी प्रकार के आरक्षण का प्रावधान नहीं है।

मनरेगा अन्य मजदूरी रोजगार कार्यक्रमों से इस अर्थ में भिन्न है कि यह ग्रामीण जनता को संसद के एक अधिनियम के माध्यम से रोजगार की कानूनी गारण्टी प्रदान करता है। ग्रामीण एवं पिछड़े क्षैत्रों में निवास करने वाले निर्धन लोगों के आर्थिक उत्थान के लिए मनरेगा विश्व की सबसे बडी वित्तीय तथा महत्वाकांक्षी योजना है। यह अपने लक्ष्यों एवं उद्देश्यों में कितनी सफल रही है? किस दिशा में इसका अपेक्षित प्रभाव पडा है? क्या यह ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदलने में सफल रही है? भारत के साथ–साथ मध्यप्रदेश एवं नीमच जिले में योजना के क्रियान्वयन की क्या स्थिति है? इसके सफल क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को कैसे दूर किया जा सकता है? इन सभी प्रश्नों का विश्लेषण करने का एक विनम्र प्रयास इस शोध लेख में किया गया है।

इस लेख में भारत में रोजगार प्रदान करने में हुई मनरेगा की प्रगति के साथ मध्यप्रदेश तथा नीमच जिले में हुई मनरेगा की प्रगति एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की स्थिति का विश्लेषण किया गया है। महिलाओं की रोजगार स्थिति पर योजना के प्रभावों को जानने का भी प्रयास किया गया है। आंकड़ें भारत एवं मध्यप्रदेश के आर्थिक सर्वेक्षण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पत्र पत्रिकाओं, पुस्तकों तथा मनरेगा की वेबसाइट

www.nrega.nic.in एवं www.nregs-mp.org से संकलित करने का प्रयास किया गया है।

भारत में मनरेगा की प्रगति एवं उपलब्धियाँ

मनरेगा विश्व भर में पहला अधिनियम है, जो बहुत बड़े पैमाने पर श्रमिकों को रोजगार की गारण्टी देता है। कार्यक्रम के प्रथम वर्ष (2006-07) में 2.10 करोड़ परिवारों को 90.5 करोड़ दिन का रोजगार प्रदान किया गया। वर्ष 2008-09 में 4.51 करोड़, 2009-10 में 4.90 करोड़, 2010-11 में 4.37 करोड़ श्रमिक परिवारों को रोजगार प्रदान करके योजना ने अपने उद्देश्यों को सार्थक किया। इसमें महिलाओं तथा अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों की उत्साहजनक भागीदारी रही है।

अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों की भागीदारी 2007-08 में 57 प्रतिशत, 2008-09 में 54 प्रतिशत तथा 2009-10 में 51 प्रतिशत आंकी गई है। यद्यपि 2010-11 में इन जातियों की भागीदारी कम होकर 39 प्रतिशत रह गई थी। अधिनियम में यह प्रावधान रखा गया था कि कुल लाभार्थियों में से महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत होना आवश्यक है। वास्तव में महिलाओं की भागीदारी 2008-09 में एवं 2009-10 में 48 प्रतिशत तथा 2010-11 में 49 प्रतिशत पायी गई है। यह तथ्य इस बात को सिद्ध करता है कि मनरेगा ने भारत में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

देश के प्राकृतिक संसाधनों के आधार को मनरेगा द्वारा मजबूत बनाया गया है। मनरेगा के अन्तर्गत 2008-09 में 27.75 लाख कार्य शुरू किये गये, जिनमें जल संरक्षण से सम्बंधित कार्य 46% थे। 2009-10 में 36.51 लाख कार्य शुरू किये जिनमें से 51 प्रतिशत जल संरक्षण के, 16 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ने के तथा 14 प्रतिशत भूमि विकास के कार्य थे। विभिन्न वर्षों में भारत में मनरेगा की प्रगति को तालिका - 1 में दर्शाया गया है -

संलग्न तालिका के समंकों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि मनरेगा योजना के अन्तर्गत भारत में जॉबकार्ड प्राप्त परिवारों की संख्या 2006-07 से 2011-12 तक लगभग चार गुना बढ़ गई है।

इसी अवधि में कार्य की मांग करने वाले परिवारों की संख्या में लगभग तीन गुना तथा रोजगार उपलब्ध कराए गए परिवारों की संख्या में भी लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है। रोजगार की मांग करने वाले लगभग सभी परिवारों में से 2006-07 में 99.18 प्रतिशत तथा 2011-12 में 98.85 प्रतिशत परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

कुल सृजित रोजगार मानव दिवस के सन्दर्भ में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की स्थिति में विरोधाभास दृष्टिगोचर होता है। कुल सृजित मानव दिवस में अनुसूचित जाति का प्रतिशत 2006-07 में 25.36 प्रतिशत से निरन्तर बढ़ते हुए 2011-12 में 30.62 प्रतिशत हो गया है, (केवल 2011-12 में गिरकर 22.75 प्रतिशत हुआ है) जबकि अनुसूचित जनजाति के प्रतिशत में निरन्तर गिरावट दर्ज की गई है, जो कि 2006-07 में 36.44 प्रतिशत से घटकर 2011-12 में 17.11 प्रतिशत रह गया है।

यह विश्लेषण स्पष्ट करता है कि योजना में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण के प्रतिशत का प्रावधान न रखने के कारण पिछड़ी हुई जातियों को रोजगार उपलब्ध कराने में विसंगतियाँ दृष्टिगोचर हो रही हैं, विशेषकर अनुसूचित जनजाति की भागीदारी में गिरावट सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से सोचनीय पहलू है। महिला सशक्तिकरण के सन्दर्भ में यह सकारात्मक तथ्य ज्ञात हुआ है कि कुल लाभार्थियों में महिलाओं का प्रतिशत 2006-07 के 40.64 प्रतिशत से बढ़कर 2011-12 में 49.33 प्रतिशत हो गया है।

मध्यप्रदेश में मनरेगा की प्रगति एवं उपलब्धियाँ

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना को क्रियान्वित करने में यद्यपि मध्यप्रदेश ने देश के शीर्ष 10 राज्यों में स्थान प्राप्त किया है, फिर भी राज्य इससे काफी आगे हैं। बेतूल जिले की एक ग्राम पंचायत को नरेगा के अन्तर्गत श्रेष्ठ कार्य करने पर राष्ट्रीय अवार्ड के लिये चयन किया गया। यहाँ की सरपंच श्रीमती हेमलता वाडिवा, उप सरपंच ओम मालवीय एवं पंचायत सचिव रघुनाथ गोहे को 2 फरवरी 2013 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार देश में कुल 11 पंचायतों को मिला है।

भारत के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश में 2006-07 में 18 जिलों में यह योजना शुरू की गई, जो 2008-09 में 31 जिलों तथा 2010-11 से सभी 50 जिलों में लागू कर दी गई है। मध्यप्रदेश में मनरेगा ने ऐसे ग्रामीण लोगों को रोजगार प्रदान करने में सहायता की है, जिनके पास रोजगार का कोई भी साधन नहीं है तथा रोजगार के अवसर का लाभ उठाने के लिये जरूरतमंद लोगों को जागरूक एवं प्रेरित किया है। इन सब के परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश नरेगा कार्यक्रम ने शीघ्र ही प्रदेश में प्रसिद्धि को प्राप्त कर लिया है तथा रोजगार प्राप्त लोगों की संख्या में अच्छी वृद्धि दर्ज हुई है। मध्यप्रदेश में मनरेगा की प्रगति को तालिका- 2 में दर्शाया गया है -

संलग्न तालिका - 2 के समंकों का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि मध्यप्रदेश में मनरेगा के अन्तर्गत जॉब कार्ड प्राप्त परिवारों की संख्या में 2008-09 से 2011-12 की अवधि में 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज है, जबकि इसी अवधि के दौरान भारत में यह वृद्धि 68.78 प्रतिशत (तालिका-1) वृद्धि है। अर्थात् जॉब कार्ड प्राप्त करने वाले परिवारों की संख्या में तुलनात्मक रूप से मध्यप्रदेश अभी भी पीछे है। कार्य की मांग करने वाले परिवारों में से 2008-09 में 99.99 प्रतिशत को तथा 2011-12 में 99.23 प्रतिशत को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों में अनुसूचित जाति के परिवारों के प्रतिशत में निरन्तर वृद्धि हुई है, जबकि अनुसूचित जनजाति के परिवारों के प्रतिशत में राष्ट्रीय स्तर के अनुरूप ही निरन्तर गिरावट हो रही है, अर्थात् इन पिछड़ी हुई जातियों को रोजगार प्रदान करने में कहीं न कहीं सामाजिक न्याय के पालन में गिरावट हो रही है। अत: प्रशासनिक कसावट की जरूरत है। कुल लाभार्थियों में महिलाओं की भागीदारी 2011-12 में 42.46 प्रतिशत रही है, जो कि भारत के समंक 49.33 प्रतिशत (तालिका-1) से काफी कम है।

नीमच जिले में मनरेगा की प्रगति की उपलब्धियाँ

1 नवम्बर 2000 को नवगठित नीमच जिले में मनरेगा की प्रगति एवं भारत तथा मध्यप्रदेश के सन्दर्भ में तुलनात्मक स्थिति को तालिका नं. 3 में दर्शाया गया है।

संलग्न तालिका - 3 के समंकों के अनुसार मनरेगा के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश के सन्दर्भ में नीमच जिला काफी पीछे है। मनरेगा के अन्तर्गत वर्ष 2012-13 में मध्यप्रदेश में रोजगार उपलब्ध कराए गए परिवारों की संख्या में नीमच जिले का प्रतिशत 0.43 ही प्राप्त हुआ है, जो कि काफी कम है।

मध्यप्रदेश के 50 जिलों के अनुसार यह न्यूनतम 2 प्रतिशत तो होना ही चाहिये। कुल सृजित मानव दिवस (लाख में) में भी मध्यप्रदेश में नीमच जिले का प्रतिशत 0.45 भी काफी कम है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का हिस्सा 5.13 प्रतिशत रहा है।

कुल लाभान्वित व्यक्तियों में भी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों को नीमच जिले में काफी कम लाभ प्राप्त हुआ है। भारत में चल रहे कुल कार्यों में मध्यप्रदेश का प्रतिशत 9.30 पाया गया है, जबकि मध्यप्रदेश में नीमच जिले का प्रतिशत मात्र 0.6 ही है, जो कि विकासशील नीमच जिले के लिये बहुत ही कम है।

संलग्न तालिका – 4 के समंकों के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि नीमच जिले में मनरेगा के अन्तर्गत जॉबकार्ड प्राप्त परिवारों की तुलना में कार्य की मांग करने वाले परिवारों की संख्या 2009–10 में मात्र 12.74 प्रतिशत थी, जो 2010–11 में बढ़कर 27.13 प्रतिशत हो गई थी।

2011–12 में पुन: यह प्रतिशत घटकर 13.76 हो गया। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि कार्य की मांग करने वाले में से 99 प्रतिशत एवं इससे अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

जॉब कार्ड प्राप्त करने वाले परिवारों में अनुसूचित जाति का लगभग 11 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति का लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा है, जो कि भारत एवं मध्यप्रदेश के प्रतिशत समंकों की तुलना में बहुत ही कम है।

यह निष्कर्ष उल्लेखनीय है कि नीमच जिले में यद्यपि जॉब कार्ड प्राप्त करने वाले परिवारों में अनुसूचित जनजाति के परिवारों की संख्या, अनुसूचित जाति के परिवारों की तुलना में अधिक है, लेकिन कुल सृजित मानव दिवसों में अनुसूचित जाति के मानव दिवसों की संख्या अधिक है।

संलग्न तालिका 5 के समंकों के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि नीमच जिले में मनरेगा के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराए गए परिवारों की संख्या में जावद ब्लॉक अग्रणी रहा है ।

यद्यपि रोजगार की मांग करने वाले परिवारों की संख्या में तीनों ही ब्लॉकों में निरन्तर गिरावट दर्ज हुई है। रोजगार की मांग करने वाले लगभग सभी परिवारों (98 % से अधिक) को रोजगार उपलब्ध करा लिया गया है। तुलनात्मक रूप से जावद ब्लॉक में ही अनुसूचित जाति के परिवारों को सर्वाधिक जॉब कार्ड प्राप्त हुए है।

इस प्रकार नीमच जिले में मनरेगा के क्रियान्वयन में जावद ब्लॉक ने बेहतर प्रदर्शन किया है। द्वितीय स्थान पर मनासा ब्लॉक एवं तृतीय स्थान पर नीमच ब्लॉक का क्रियान्वयन रहा है।

नीमच का अन्तिम स्थान पर रहने का ज्ञात कारण नीमच का अधिकांश क्षेत्र शहरी क्षेत्र या शहरी क्षेत्र के नजदीक होना है। शहरी क्षेत्र में तुलनात्मक रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध होते हैं। जो तालिका क्रमांक 6 से स्पष्ट है ।

संलग्न तालिका – 6 के समंकों के अनुसार कुल सृजित मानव दिवस में महिलाओं के रोजगार की स्थिति का अध्ययन करने पर करने पर ज्ञात हुआ है कि नीमच जिले में मनरेगा के अन्तर्गत महिलाओं की भागीदारी तीनों ही ब्लॉकों में (लगभग 26 से 32 प्रतिशत के बीच) राष्ट्रीय स्तर (49.33 प्रतिशत) एवं मध्यप्रदेश के समंकों (42.51 प्रतिशत) से काफी कम रही है। तुलनात्मक रूप से नीमच ब्लॉक में महिलाओं की भागीदारी का प्रतिशत थोड़ा सा अधिक पाया गया है। नीमच जिले में कुल रोजगार उपलब्ध कराए गए परिवारों को 100 दिन का रोजगार 2011–12 में मात्र 3.88 प्रतिशत परिवार को तथा 2012–13 में जनवरी माह तक मात्र 1.90 प्रतिशत परिवार को ही मिल पाया है, जो कि बहुत कम है। यह स्थिति योजना में न्यूनतम 100 दिन के रोजगार गारण्टी कानून का परिहास कर रही है। इस और विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। 2011–12 में 100 दिन का रोजगार पूर्ण कर चुके परिवारों की संख्या जावद ब्लॉक में सर्वाधिक (418) रही है, जबकि 2012–13 में रिपोर्टिंग माह जनवरी तक मनासा ब्लॉक आगे है।

निष्कर्ष एवं चुनौतियाँ :

अनेक कमियों के बावजूद '' अपनी मूल भावना में मनरेगा अभी तक के सभी मजदूरी रोजगार कार्यक्रमों से नितान्त भिन्न तथा अधिक सफल कार्यक्रम सिद्ध हो रहा है, क्योंकि यह रोजगार को अधिकार के रूप में स्वीकार करता है तथा यह मांग प्रेरित है'' (सी.पी. चन्द्रशेखर एवं जयति घोष 2009) ग्रामीण क्षेत्रों की मौसमी एवं अदृश्य बेरोजगारी दूर करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करने की एक अद्भूत एवं महत्वाकांक्षी योजना के रूप में मनरेगा काफी हद तक अपने उद्देश्यों में सफल रही है।

महिलाओं के लिए न्यूनतम 33 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित होने के बावजूद मनरेगा के अन्तर्गत भारत में 49.33 एवं मध्यप्रदेश में 42.51 प्रतिशत की महिलाओं की भागीदारी महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम है, लेकिन नीमच जिले में महिलाओं की भागीदारी 27 से 31 प्रतिशत के मध्य ही रही है, जो चिन्तनीय पक्ष है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग नीमच जिले में योजना से काफी कम लाभान्वित हुए है, यद्यपि राष्ट्रीय स्तर एवं मध्यप्रदेश में इन जातियों को योजना से काफी अच्छा लाभ मिला है। जहाँ इस योजना के अधीन ग्रामीण जनता को 100 दिन के रोजगार देने की बात की गई थी, वहां दिसम्बर 2012 के अंत तक देश में औसतन केवल 58 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जा सका। नीमच जिले में तो कार्य की मांग करने वालों में से मात्र 05 प्रतिशत से भी कम लोगों को 100 दिन का रोजगार प्राप्त हो पाया है। 2010–11 में भारत में मनरेगा के अधीन 40,100 करोड़ रू. खर्च करने की व्यवस्था की गई थी, जबकि वास्तविक खर्च लगभग केवल 23,000 करोड रूपए ही रहा, जो कि बजटीय व्यवस्था का मात्र 57 % है।

निष्कर्ष में कह सकते है कि जहाँ भारत में इस योजना के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों का ग्राफ उपर की ओर बढ़ता गया है, वहीं मध्यप्रदेश में तुलनात्मक रूप से नीचे है। मध्यप्रदेश की तुलना में नीमच जिले में तो उपलब्धियों का ग्राफ काफी नीचे की ओर पाया गया है। नवगठित नीमच जिले में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशासनिक कसावट की अधिक जरूरत है। जिले में मनरेगा से लाभान्वितों की संख्या इतनी कम क्यों है? इसके कारणों पर गहन अध्ययन की आवश्यकता है। योजना की पूर्ण सफलता में काफी महत्वपूर्ण चुनौतियाँ है, जैसे भ्रष्टाचार, क्रियान्वयन की अत्यधिक लागत, क्रियान्वयन में अनियमितताएँ, प्रशासनिक एवं तकनीकी स्टॉफ की कमी, अनुत्पादक परियोजनाएँ, कार्यान्वयन में अनुत्साह आदि। योजना में पूर्ण पारदर्शिता एवं ईमानदारी रखनी होगी तभी यह योजना अपने स्वर्णिम उद्देश्यों को प्राप्त कर सकेगी। इस संदर्भ में सी.पी. चन्द्रशेखर तथा जयति घोष का मत महत्पूर्ण है–

''NREGS आर्थिक आधार पर अपने मूल रूप में अनिवार्यत: 'अन्तर्वेशन' या 'समावेशन' सुनिश्चित करता है, क्योंकि यह उन लोगों को स्व–लक्षित करता है, जो दैनिक मजदूरी के बदले अकुशल शारीरिक श्रम करने को तैयार है। परंतु यह बात भी उभर कर सामने आ रही है कि यह सामाजिक अन्तर्वेशन की भी योजना है, क्योंकि इसमें महिलाओं, अनुसूचित जातियों व जनजातियों की भागीदारी अनुपातिक रूप से अधिक है।''

संदर्भ :

(1) Hindustan Times, February 2, 2011, p,11
(2) Business Standard, Feb 3, 2011, P,1 and P 9
(3) कुरूक्षेत्र, अप्रेल 2012 वर्ष 58 अंक 06
(4) Misra and Puri : Indian Economy, Himalaya Publishing House (2012)
(5) WWW.narega.nic.in
(6) www.nregs _mp.org
(7) Economic servey of India 2010 - 11 , 2011 - 12
(8) Govt. of India, ministry of Rural Development : Mahatma Gandhi NREGA sameeksha (2006-12)
(9) C.P. Chandra Sekhar and Jayati Ghosh, " Social Inclusion in the NREGS" , Business Line, January 27, 2009.

तालिका - 1

वर्ष	जॉबकार्ड प्राप्त परिवारों की संख्या (करोड़ में)	कार्य की मांग करने वाले परिवारों की संख्या	रोजगार उपलब्ध कराए गए परिवार की संख्या	कुल सृजित मानव दिवस (लाख में)	अनुसूचित जाति मानव दिवस (लाख में)	कुल में अनु. जाति का प्रतिशत	अनुसूचित जनजाति मानव दिवस (लाख में)	कुल में अनु. जन जाति का प्रतिशत	महिलाएँ मानव दिवस (लाख में)	कुल में महिलाओं का प्रतिशत	अन्य
2008-09	1.12	5207862	5207665	2946.97	525.07	17.82	1379.55	46.81	1275.39	43.28	1042.35
2009-10	1.12	4714916	4714591	2624.03	485.04	18.48	1189.84	45.34	1160.55	44.23	949.15
2010-11	1.13	4445781	4407643	2198.16	425.18	19.34	955.02	43.44	976.02	44.40	817.96
2011-12	1.87	2739760	2718841	892.341	183.55	20.56	241.09	27.01	378.96	42.46	467.69

स्रोत: www.nrega.nic.in, 15 February 2013

तालिका - 2

वर्ष	जॉबकार्ड प्राप्त परिवारों की संख्या	कार्य की मांग करने वाले परिवारों की संख्या	रोजगार उपलब्ध कराए गए परिवारों की संख्या	कुल सृजित मानव दिवस (लाख में)	अनुसूचित जाति मानव दिवस (लाख में)	कुल में अनु. जाति का प्रतिशत	अनुसूचित जनजाति मानव दिवस (लाख में)	कुल में अनु. जन जाति का प्रतिशत	महिलाएँ मानव दिवस (लाख में)	कुल में महिलाओं का प्रतिशत	अन्य
2006-07	37850390	21188894	21016099	9050.54	2295.23	25.36	3298.73	36.44	3679.01	40.64	3456.59
2007-08	64740595	34326563	33909132	14367.95	3942.34	27.44	4205.60	29.27	6109.10	42.51	6219.98
2008-09	100145950	45518907	45115358	21632.86	6336.18	29.29	5501.64	25.43	10357.32	47.87	9795.06
2009-10	112548976	52920154	52585999	28359.57	8644.83	30.48	5874.39	20.71	13640.51	48.91	3840.34
2010-11	119824438	55763244	54954225	25715.25	7875.65	30.62	5361.80	20.85	12274.23	47.73	12477.81
2011-12	121268914	38294824	37855866	12087.19	2750.18	22.75	2068.68	17.11	5962.98	49.33	7268.36

स्रोत: www.nrega.nic.in, 15 February 2013

तालिका - 3 मध्यप्रदेश में नीमच जिले की तुलनात्मक स्थिति (2012-13)*

विवरण	भारत	मध्यप्रदेश	जिला नीमच
1. कुल परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया	4.53 करोड़	26.58879 लाख	0.11523 लाख
2. कुल सृजित मानव दिवस	166.57 करोड़ दिवस	854.13 लाख दिवस	3.89 लाख दिवस
(i) अनुसूचित जाति मानव दिवस	36.64 (22%) करोड़	163.94 लाख दिवस (19.19%)	0.56 लाख दिवस (14.31%)
(ii) अनुसूचित जनजाति मानव दिवस	27.3 करोड़ दिवस (16.39%)	242.68 लाख दिवस (28.41%)	0.44 लाख दिवस (11.27%)
(iii) महिला (मानव दिवस)	88.03 करोड़ दिवस (52.85)	363.12 लाख दिवस (42.51%)	1.05 लाख दिवस (26.93%)
(iv) अन्य	102.63 करोड़ दिवस (61.61%)	447.52 लाख दिवस (52.39%)	2.89 लाख दिवस (74.42%)
3. कुल कार्य	65.47 लाख	609189	3376
4. पूर्ण कार्य	12.12 लाख	102896	308
5. चल रहे कार्य	53.35 लाख	506293	3068

** रिपोर्टिंग माह जनवरी 2013 (वित्तीय वर्ष 2012-13) तक के समंक * स्रोत www.nrega.nic.in, 22 February 2013*

तालिका – 4 नीमच जिले में मनरेगा के अन्तर्गत रोजगार की प्रगति

वर्ष	जॉब कार्ड प्राप्त परिवारों की संख्या							रोजगार की मांग करने वाले परिवारों की संख्या	रोजगार उपलब्ध कराए गए परिवारों की संख्या
	अनुसूचित जाति	कुल का प्रतिशत	अनुसूचित जनजाति	कुल का प्रतिशत	अन्य	अन्य का प्रतिशत	कुल		
2009-10	14560	10.83	16085	11.97	103770	77.20	134415	17124	17104
2010-11	14564	10.84	16092	11.98	103665	77.17	134321	36438	36324
2011-12	14547	10.81	16077	11.95	103942	77.25	134550	18512	18500
2012-13*	14547	10.81	16077	11.95	103942	77.25	124566	11863	11629

स्त्रोत: www.nrega.nic.in, 20 February 2013 ✲ वित्तीय वर्ष 2012–13 के जनवरी माह तक के उपलब्ध समंकों के अनुसार

तालिका – 5 नीमच जिले में ब्लॉक अनुसार रोजगार की स्थिति (वित्तीय वर्ष 2010–11)

ब्लॉक	जाब कार्ड प्राप्त परिवारों की संख्या								
	अनुसूचित जाति	प्रतिशत	अनुसूचित जनजाति	प्रतिशत	अन्य	प्रतिशत	कुल	रोजगार की मांग करने वाले परिवारों की संख्या	रोजगार उपलब्ध कराए गए परिवारों की संख्या
जावद	7497	16.22	5696	12.32	33024	71.45	46217	21727	21668
नीमच	2864	7.35	4183	10.74	31898	81.90	38945	5145	5093
मनासा	4203	8.55	6213	12.64	38743	78.81	49159	9566	9563
कुल	**14564**	**10.84**	**16092**	**11.98**	**103665**	**77.18**	**134321**	**36438**	**36324**
वित्तीय वर्ष 2011-12									
जावद	7483	16.14	5694	12.28	33174	71.57	46351	9995	9995
नीमच	2858	7.34	4174	10.72	31901	81.94	38933	2779	2768
मनासा	4206	8.54	6209	12.59	38851	78.86	49266	5738	5737
कुल	**14547**	**10.81**	**16077**	**11.95**	**103926**	**77.24**	**134550**	**18512**	**18500**
वित्तीय वर्ष 2012-13*									
जावद	7483	16.14	5694	12.28	33174	71.57	46351	5396	5252
नीमच	2858	7.34	4174	10.72	31901	81.94	38933	1927	1915
मनासा	4206	8.53	6209	12.59	38867	78.87	49282	4540	4462
कुल	**14547**	**10.81**	**16077**	**11.95**	**103942**	**77.24**	**134566**	**11863**	**11629**

✲ वित्तीय वर्ष 2012–13 (रिपोर्टिंग माह जनवरी 2013 तक के उपलब्ध समंक) ✲ स्त्रोत: www.nrega.nic.in, 22 February 2013

तालिका – 6 नीमच जिले में ब्लॉक अनुसार महिलाओं व विकलांगों की रोजगार स्थिति (कुल सृजित मानव दिवस में)

ब्लॉक	वित्तीय वर्ष 2011-2012			
	कुल सृजित मानव दिवस	महिलाओं का प्रतिशत	100 दिन का रोजगार पूर्ण कर चुके परिवारों की संख्या	लाभार्थी विकलांगों की संख्या
जावद	375455	31.58	418	6
नीमच	86927	32.92	81	7
मनासा	202730	26.62	219	0
कुल	**665112**	**30.24%**	**718**	**13**
	वित्तीय वर्ष 2012-2013*			
जावद	171285	29.47	92	3
नीमच	61967	26.97	22	2
मनासा	170714	25.20	122	3
कुल	**403966**	**27.24**	**236**	**8**

✲ रिपोर्टिंग माह जनवरी 2013 तक के उपलब्ध समंक ।✲ *स्त्रोत : www.nrega.nic.in 22 February 2013*

मानवाधिकार, संवैधानिक उपबन्ध और पुलिस प्रशासन

डॉ. रवीन्द्र कुमार सोहोनी
प्राचार्य
शास. महाविद्यालय, सीतामऊ
जिला – मन्दसौर (म.प्र.)

डॉ. नीरजा सोहोनी
सहायक प्राध्यापक–राजनीति विज्ञान
जैन कला एवं वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय
मन्दसौर (म.प्र.)

मानव प्रकृति की सर्वश्रेष्ठ कृति है। मानवीय संवेदनाएं, सहज संप्रेषण शक्ति, ओजस्वी और मार्मिक वाणी, सजग और सक्रिय मस्तिष्क तथा अपार करूणा व ममत्व से भरा हृदय मानव को पृथ्वी के अन्य जीवों से पृथक करता है। रामकृष्ण, बुद्ध, महावीर, नानक, मोहम्मद साहब आदि सभी ने अपनी करूणा और असीम त्याग तथा समर्पण से मानव को एक नया प्रकाश प्रदान कर आलोकित किया है। सभी महापुरूषों ने मूल्यों पर आधारित मानव के माध्यम से इस मृत्युलोक को स्वर्ग बनाने की चेष्टा की वहीं दूसरी और इस बात का प्रयास किया कि ईश्वर की इस सर्वश्रेष्ठ और सुंदरतम कृति को अधिकाधिक सजाया तथा संवारा जायें।

मानवाधिकार शब्द हिन्दी का युग्म शब्द है – जो दो शब्दों मानव+अधिकार से मिलकर बना है। मानव अधिकार का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है। इसकी परिधि के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के नागरिक, राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों का समावेश है। अपनी व्यापक परिधि के कारण मानव अधिकार शब्द का प्रयोग भी अत्यंत व्यापक विमर्श का विषय बन गया है। वर्तमान दौर में मानव अधिकार किसी देश या राज्य की आंतरिक या घरेलू अधिकारिता के अंतर्गत आने वाला विषय नहीं रह गया है।

डब्ल्यू. रिचर्डस के अनुसार ''मानव अधिकार वह न्यूनतम आवश्यकता है जिनकी मांग अधिकार स्वरूप होनी चाहिए तथा जिनके अभाव में कोई भी मानव अपनी क्षमताओं को विकसित नहीं कर सकता है और न हीं मानव की भाँति जीवन व्यतीत कर सकता है।''

जॉन मर्टनसन मानव अधिकारों के विषय में लिखते है ''मानव अधिकार हमारे स्वभाव में निहित है तथा जिसके बिना हम मानवीय जीवन व्यतीत नहीं कर सकते है।''

मनुष्य की अपनी आत्मिक एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए यह आवश्यक है कि मानव अधिकारों के साथ ही मानव की अपनी नैसर्गिक विशेषताओं को भी पूर्ण से विकसित करें।

प्रसिद्ध विधिशास्त्री और चिंतक डेविड सेलबाई ने मानव अधिकारों के विषय में अपना मत प्रकट करते हुए लिखा है – ''मानव अधिकार संसार के समस्त व्यक्तियों को प्राप्त है, क्योंकि वे स्वयं में मानवीय है, वे पैदा नहीं किये जा सकते, खरीद या संविदावादी प्रक्रियाओं से मुक्त होते है।''

सारांशत: कहा जा सकता है कि मानव अधिकार हमारी प्रकृति में अंतर्निहित है ये अधिकार मनुष्य के अस्तित्व एवं उसके व्यक्तित्व के विकास के लिए अपरिहार्य है तथा इनका सम्बंध जीवन के सभी पक्षों से हैं।

'पुलिस' शब्द की उत्पत्ति ग्रीक भाषा के शब्द (Politeia) अथवा इसी के समानार्थी लेटिन शब्द (Politia) शब्द से हुई है। पुलिस शब्द से अभिप्राय है – व्यवस्था बनाए रखना, कानूनों का परिपालन करना तथा राज्य के आंतरिक शासन के नियंत्रण की पद्धति निर्धारित करना। पुलिस अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनसामान्य की सुख–सुविधाओं का ध्यान रखते हुए सुरक्षा की व्यवस्था भी करती है। भारत में पुलिस प्रशासन के अभ्युदय एवं विकास के सम्पूर्ण काल को हम सुविधा की दृष्टि से तीन कालखण्डों में विभाजित कर सकते है –

(अ) आरंभिक काल–प्राचीन काल से ईस्ट इण्डिया कम्पनी के आगमन तक
(ब) संक्रमण काल– ईस्ट इण्डिया कम्पनी के आगमन से सन् 1947 तक
(स) अर्वाचीन काल –सन् 1947 से अभी तक।

'वास्तव में देखा जाय तो आज की भारतीय पुलिस की नींव तथा संगठन की शुरूआत वारेन हेस्टिंग्स के शासन काल (1772–75) में हुई थी।[4] वारेन हैस्टिंग्स द्वारा प्रारंभ किए गये सुधारों के उपरान्त भी अपराधों में कोई कमी नहीं हुई बल्कि उसमें वृद्धि होती गयी।[5]

सन् 1813, 1816 तथा 1827 के बारहवें रेगूलेशन में अपराधों के नियंत्रण तथा पुलिस सुधारों की सिफारिश देखने को मिलती है।

सन्1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पश्चात् 1858 में पारित गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया एक्ट के द्वारा सत्ता ईस्ट इण्डिया कम्पनी के हाथ से ब्रिटिश सरकार को हस्तांतरित कर दी गयी और लार्ड कैनिंग को भारत का गर्वनर जनरल नियुक्त किया गया। लार्ड कैनिंग ने शासन व्यवस्था में सुधार लाने के लिए तथा पुलिस बल के गठन करने के उद्देश्य से 17 अगस्त 1860 को अधिसूचना द्वारा श्री एम.एच. कोर्ट की अध्यक्षता में पुलिस आयोग का गठन किया, जिसका प्रतिफल 47 धाराओं वाला 'पुलिस एक्ट' 1861 था। यह पुलिस एक्ट 16 मार्च, 1861 को एक बिल के रूप में स्वीकृत किया गया।'

मानव अधिकारों के संदर्भ में पुलिस की भूमिका अहम् है। स्वातंन्त्र्योत्तार भारत में पुलिस के कार्यो, दायित्वों में अबाध गति से वृद्धि हुई है। समाज का कोई भी क्षेत्र एवं मानव जीवन का कोई भी भाग ऐसा नहीं बचा है जो पुलिस के कार्य क्षेत्र की परिधि से बाहर हों यद्पि भारत वर्ष स्वतंत्र हो गया और पुलिस भी भारतीय हो गयी, परन्तु उसकी कार्यशैली में प्रजातांत्रिक राज्य की भावना के अनुरूप परिवर्तन नहीं आ पाया है।

व्यक्ति की गिरफ्तारी, निरोध और मानवाधिकार ये सभी विषय पुलिस अन्वेषण से सीधे जुड़े हुए है। अन्वेषण के दौरान अभियुक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाना प्रक्रिया का एक अंग है। गिरफ्तारी के पश्चात् ऐसे व्यक्ति से पूछताछ की जाकर निरापद सत्य का पता लगाने का प्रयास किया जाता है। इस कार्य में पुलिस अधिकारी को शांति, धैर्य एवं संवेदनशीलता का परिचय देना होता हैं। उसे यह भी ध्यान रखना होता है कि गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को न तो यातना दी जाय और न ही उत्पीड़ित किया जाय। यातना और उत्पीड़न से उसके मानवाधिकारों एवं मूल अधिकारों का हनन होता है।

अब यह धारणा बन चुकी है कि कैदी, बन्दी और गिरफ्तार किया गया व्यक्ति समाज का ही एक अभिन्न अंग होता है। मात्र गिरफ्तारी अथवा जेल में बंद हो जाने से वह अपने मूल एवं मानवाधिकारों से वंचित नहीं हो जाता है। संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत उसे जेल में भी सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार उपलब्ध रहता हैं।

मूलभूत अधिकारों एवं मानवाधिकारों को जेल की दीवारों से बाहर नहीं

किया जा सकता है। क्योंकि जेल की दीवारें भी काननू की पत्थरों से बनी होती है। इतना सब कुछ होते हुए भी कैदियों, बंदियों एवं गिरफ्तार व्यक्तियों को यातनायें दी जाती है तथा उन्हें पग-पग पर उत्पीड़ित किया जाता है। हमारे न्यायालयों ने इस प्रवृत्ति को मूल अधिकारों एवं मानवाधिकारों का उल्लंघन माना है।

न्यायमूर्ति कृष्णा अय्यर का कहना है कि ''किसी कैदी को तुच्छ आधारों पर 8 से 11 माह तक हथकड़ी के साथ एकांतवास में रखना अमानवीय कृत्य है। यह मानव प्रतिष्ठा पर आद्यात है। मानव प्रतिष्ठा हमारे संविधान का एक बहुमूल्य आदर्श है जिसकी आशंकाओं के आधार पर बलि नहीं दी जा सकती है।''

संवैधानिक उपबन्ध -

भारतीय संविधान के अध्याय तीन के अनुच्छेद 22 में भी गिरफ्तारी एवं निरोध के विरूद्ध संरक्षण प्रदान किया गया है। इसमें तीन प्रकार के संरक्षणों का उल्लेख है -

(i) गिरफ्तारी का कारण जानने का अधिकार,

(ii) अपनी रूचि के अभिभाषक (विधि व्यवसायी) से परामर्श करने का अधिकार, एवं

(iii) गिरफ्तारी के पश्चात् 24 घंटों में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश होने का अधिकार।

संविधान के अनुच्छेद 22 (5) के अंतर्गत निवारक निरोध के अधीन गिरफ्तार एवं निरूद्ध व्यक्तियों को भी महत्वपूर्ण संरक्षण प्रदान किये गये है। उनका एक अधिकार अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का है। यह सक्षम प्राधिकारी का कर्तव्य है कि वह ऐसे व्यक्तियों को अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के अधिकार से अवगत कराये।

निवारक निरोध के अधीन निरूद्ध व्यक्तियों को विचारण के बिना दण्डित नहीं किया जा सकता।

(1) गिरफ्तारी का कारण जानने का अधिकार -

गिरफ्तार किये गये व्यक्ति का सबसे पहला अधिकार गिरफ्तारी के कारण जानने का है। गिरफ्तारी बताये बिना किसी व्यक्ति को लम्बे समय तक निरोध में नहीं रखा जा सकता है। उसका यह अधिकार जमानत पर रिहा हो जाने के बाद भी बना रहता है।13 यदि किसी व्यक्ति को गिरफ्तारी के कारण बताये जाने में विलम्ब किया जाता है तो ऐसे विलम्ब का स्पष्टीकरण देना होता है।[14]

यह व्यवस्था उचित भी हैं क्योंकि गिरफ्तारी के कारण जाने बिना कोई भी व्यक्ति अपनी समुचित प्रतिरक्षा नहीं कर सकता है।

(2) अपनी रूचि के विधि-व्यवसायी से परामर्श करने का अधिकार-

गिरफ्तारी के कारण जानने के बाद गिरफ्तार व्यक्ति का दूसरा अधिकार अपनी पसन्द के अधिवक्ता से परामर्श करने का है। अधिवक्ता के माध्यम से ही गिरफ्तार व्यक्ति अपनी प्रतिरक्षा करता है।

यहाँ एक प्रश्न उठता है यदि कोई व्यक्ति निर्धन है और वह अधिवक्ता की नियुक्ति करने में सक्षम नहीं है तो ऐसी दशा में उसके इस अधिकार का क्या होगा? इस सम्बंध में अब ऐसी व्यक्तियों के लिए नि:शुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था की गई है। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 304 तथा भारतीय संविधान के चतुर्थ अध्याय के अनुच्छेद 39-क में इसका उल्लेख मिलता है।

(3) गिरफ्तारी के पश्चात् चौबीस घंटों में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश होने का अधिकारी -

गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के आदेश के बिना 24 घंटों से अधिक निरूद्ध नहीं रखा जा सकता है।15 ऐसे व्यक्ति को 24 घंटों के भीतर निकटतम मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाना आवश्यक है।

इस सम्बंध में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 57 में भी व्यवस्था की गई है। इसके अनुसार -

गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को चौबीस घंटे से अधिक निरूद्ध न किया जाना - कोई पुलिस अधिकारी वारण्ट के बिना गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को उससे अधिक अवधि के लिए अभिरक्षा में निरूद्ध नहीं रखेगा जो उस मामले की सब परिस्थितियों में उचित है तथा ऐसी अवधि, मजिस्ट्रेट के धारा 167 के अधीन विशेष आदेश के अभाव में गिरफ्तारी के स्थान से मजिस्ट्रेट के न्यायालय तक यात्रा के लिए आवश्यक समय को छोड़कर, चौबीस घंटे से अधिक की नहीं होगी।

इस प्रकार संविधान के अनुच्छेद 22 के अंतर्गत अभियुक्त व्यक्ति को गिरफ्तारी के विरूद्ध तथाकथित महत्वपूर्ण संरक्षण प्रदान किये गये है। अन्वेषण अधिकारी का यह कर्तव्य है कि वह इन उपबंधों का अनुपालन करें।

संदर्भ -

1. रिचर्डस् डब्ल्यू. राईट्स, ह्यूमन राईट्स एण्ड रेशियल डिसक्रिमीनेशनस्, द जनरल ऑफ फिलॉसाफी, वाल्यूम 61, अक्टुबर 1964, पृ. 628-36
2. जॉन, मर्टनसन, 40 एनविर्सरी ऑफ द युनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्युमन राईट्स, युनाईटेड नेशन्स पब्लिकेशन्स, न्यूयार्क, 1988
3. अरूण कुमार पलाइ, भारत का राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (गठन, कार्य और भावी परिदृश्य), राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली 1999, पृ. 11
4. डॉ. परिपूर्णानंद वर्मा, भारतीय पुलिस विश्वविद्यालय, प्रकाशन, वाराणासी 1984, पृ. 15
5. रिपोर्ट ऑफ इण्डियन पुलिस कमीशन (1902-03) शिमला (गवर्नमेन्ट सेंट्रल ट्रेनिंग ऑफिस) पृ. 8
6. डॉ. राजेन्द्र पाराशर, पुलिस एट एडमिनिस्ट्रेशन, दीप एंड दीप पब्लिकेशनंस, नई दिल्ली 1986, पृ. 15
7. सुल्तान अकबर खाँ, पॉवर पुलिस एण्ड पब्लिक विशाल पब्लिकेशन्स, कुरूक्षेत्र, 1983, पृ. 17-18
8. वादीश्वरन ब. स्टेट ऑफ तमिलनाडु (1983) 2 SCC 68:1983 SCC (Cri) 342: AIR 1983 SC 361
9. सुनील बत्रा ब. स्टेट (दिल्ली प्रशासन) (1980) 3 SCC 488:1980 SCC(Cri) 777: AIR 1980 SC 1579 चार्ल्स शोभराज ब. अधीक्षक सेन्ट्रल जेल, तिहाड़ (1978) 4 SCC 104:1978 SCC (Cri) 542: AIR 1978 SC 1514
10. किशोरसिंह ब. स्टेट ऑफ राजस्थान (1981) 1SCC 503:1981 SCC (Cri) 191: AIR 1981 SC 625
11. स्टेट ऑफ महाराष्ट्र ब. संतोष कुमार आचार्य (2000) 7 SCC 463: AIR 2000 SC 2504
12. सी. रघुनन्दन बनाम स्टेट ऑफ तमिलनाडु, AIR 2002 SC 1460
13. स्टेट ऑफ मध्यप्रदेश ब. शोभाराम AIR 1966 SC 1910
14. तारापद डे ब. स्टैट ऑफ वेस्ट बंगाल AIR 1951 SC 174
15. स्टेट ऑफ उत्तारप्रदेश ब. अब्दुल समद, AIR 1962 SC 1506
16. डी.के. बसु ब. स्टेट ऑफ वेस्ट बंगाल (1997), 1SCC 416:1997 SCC (Cri) 92: AIR 1997 SC 610

बालिका सशक्तिकरण में उच्चशिक्षा की भूमिका

डॉ. रश्मि शर्मा
सहायक प्राध्यापक (संविदा) विधि-विभाग
नेहरू शास. महाविद्यालय, आगर मालवा
जिला - शाजापुर (म.प्र.)

डॉ. पी.एस.पटेल
प्राध्यापक वाणिज्य विभाग
शासकीय महा.महिदपुर
जिला- उज्जैन (म.प्र.)

1. **प्रस्तावना -** किसी भी राष्ट्र की संस्कृति, उसका इतिहास और भाव-भाषा वहां की बालिकाओं के विकास, प्रगति और समृद्धि में परिलक्षित होता है। बालिकाओं का समाज में जो स्थान वैदिक सभ्यताओं में हम पढ़ते आए है वो स्थान आज के विकासशील भारत में नजर नहीं आता है वैसे तो प्रमुख शहरों में बालिकाओं की दशा संतोषजनक है, पर यदि हम भारत के ग्रामीण इलाकों की बात करें तो आंकड़ों में अत्यधिक असमानता देखने को मिलती हैं। अत: आवश्यकता इस बात की है कि हमारी शिक्षा ऐसी हो जिससे समाज में अशिक्षा रूपी अंधकार को मिटाया जा सके।

   बालिकाओं/महिलाओं को बालकों/पुरूषों के बराबर वैधानिक, राजनीतिक, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में उन्नयन के साथ उनके परिवार समुदाय समाज एवं राष्ट्र की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में निर्णय लेने की स्वायत्ता को अधिक प्रबल बनाने हेतु किये गये एवं किये जा रहे प्रयास को ही बालिका सशक्तिकरण कहा जा सकता है।
2. **शोध के उद्देश्य :-** प्रस्तुत शोध का उद्देश्य है कि सरकार द्वारा लागू की गई शैक्षणिक सुविधाओं के कारण बालिका सशक्तिकरण के अवरोधी कारक कहां तक दूर हुए हैं। साथ ही बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु निर्मित कानून व्यवस्था की स्थिति का पता लगाना भी लक्षित है।
3. **पुष्टि की प्रत्याशा में प्राकल्पनाएँ :-** शोध पत्र के संभावित परिणामों की पुष्टि हेतु प्राकल्पनाएँ प्रस्तुत है-
   - **अ.** सरकार द्वारा किये गये प्रयास से बालिका सशक्तिकरण के अवरोधी कारकों को दूर करने में सहायता मिली हैं तथा उनकी जीवन दशा उन्नत हुई हैं।
   - **ब.** बालिकाओं के लिए निर्मित संवैधानिक एवं विधिक प्रावधान 'बालिका सशक्तिकरण' हेतु प्रासंगिक है।
4. **शोध उपकरण-**यहाँ सांख्यिकीय समंको के प्रयोग हेतु द्वितीयक स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी सम्मिलित की गयी है तथा माननीय न्यायालय के निर्णय में निरूपित मार्गदर्शक विधि व्यवस्था का सहयोग भी लिया गया है।
5. **शोध का वर्तमान परिदृश्य एवं वांछित परिवर्तन :-** बालिका सशक्तिकरण में सरकार की सराहनीय भूमिका के कारण आज बालिकाएं/महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरूषों के साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर देश के विकास में अपनी भूमिका का निर्वाह कर रही हैं। यह सही है कि अभी भी शिक्षा में बालिकाओं का नामाकंन कम हैं तथा नौकरियों में भी उनका प्रतिनिधित्व अधिक नहीं है। फिर भी शिक्षा ने उनकी परम्परागत निम्न परिस्थिति को ऊँचा करने, उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने तथा अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने के अवसर प्रदान किए है।

मध्यप्रदेश में बालिकाओं की विगत शैक्षणिक नामांकन स्थिति को निम्नलिखित सारणी के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है यथा -

शैक्षणिक संस्थाओं में छात्राओं की स्थिति

अध्ययन स्तर	छात्राओं की संख्या		कुल विद्यार्थियों में छात्राओं का प्रतिशत	
	2006	2007	2006	2007
प्राथमिक या पूर्व प्राथमिकविद्यालय	4282886	5766098	49.70	47.87
माध्यमिक विद्यालय	1254293	2143839	46.03	45.81
हाई-स्कूल	596975	688936	37.17	37.90
हायर-सेकेन्डरी स्कूल	343906	397004	37.27	37.32

सन्दर्भ - म.प्र. के जिलेवार समाजार्थिक विकास संकेतांक 2006-07, आर्थिक एवं सांख्यिकीय संचालनालय म.प्र. पृष्ठ 75-82

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से ज्ञातव्य है कि छात्राओं की संख्या हर एक स्तर पर विगत वर्ष की अपेक्षा बढ़ रही है किन्तु एक स्तर से अगले स्तर में नामांकन संख्या घट रही है। साथ ही कुल विद्यार्थिओं में छात्राओं का प्रतिशत भी छात्रों से कम है। इसलिए बालिकाओं की शैक्षणिक स्थिति छात्रों की अपेक्षा न्यून है।

प्राथमिक शिक्षा में प्रवेशित छात्रों का उच्च शिक्षा हेतु सकल नामाकंन अनुपात मध्यप्रदेश में अभी भी 13 प्रतिशत हैं, इसमें वृद्धि होनी चाहिए।

मध्यप्रदेश में 342 शासकीय महाविद्यालय, 636 अनुदान अप्राप्त अशासकीय महाविद्यालय एवं 77 अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय है। वर्ष 2011-12 में महाविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की कुल संख्या 294890 है जिसमें से 130820 छात्राऐं एवं 164070 छात्राऐं है यहां भी छात्राओं का नामांकन कम है। 2010-11 में राष्ट्रीय सकल पंजीयन अनुपात हेतु 15 प्रतिशत लक्ष्य रखा गया था किन्तु मध्यप्रदेश शासन के उच्चशिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय स्तर से अधिक सकल पंजीयन अनुपात 16.09 प्रतिशत प्राप्त किया है।[1] सिर्फ महिलाओं की उच्च शिक्षा में सकल नामाकंन अनुपात की बात करें तो स्थिति इस प्रकार है- महिलाओं का सकल नामाकंन अनुपात गोआ 59: मध्यप्रदेश में 37: जबकि बिहार में 30: हैं। भारत की जनगणना 2011 के अंतर्गत म.प्र. में साक्षरता की दर 70.6: है, जिनमें पुरूष साक्षरता दर 80.5: हैं और महिला साक्षरता दर 60: है। दशक के साक्षरता दर में 6.9: की वृद्धि हुई है जिसमें से पुरूष साक्षरता दर 4.5: से एवं महिला साक्षरता दर 9.7: से वृद्धि हुई है।

इसी का परिणाम है कि आज लैंगिक अन्तराल कम हो रहा है तथा भारतीय समाज निरन्तर लैंगिक समता की ओर आगे बढ़ रहा है यद्यपि यह भारत जैसे देश के लिए एक कठिन लक्ष्य है क्योंकि अमेरिका एवं पश्चिमी

देशों में भी पूर्णरूपेण लैगिंक समता नहीं आ पाई है, फिर भी उच्च शिक्षा इस अतंराल को पर्याप्त सीमा तक कम करने में सफल रही है।

भारत में सरकार ने स्त्रियों के सशक्तिकरण की जो नीति निर्धारित की है उसमें भी शिक्षा एवं रोजगार के महत्व को स्वीकार किया गया है तथा इस पर विशेष बल दिया जा रहा है। वस्तुत: सशक्तिकरण के छह प्रमुख आयाम है यथा शैक्षणिक, आर्थिक, राजनीतिक, विधिक, भौतिक तथा सामाजिक-सांस्कृतिक। इन सबमें महत्वपूर्ण आयाम उनकी उच्चशिक्षा से संबंधित है। बिना बालिकाओं की उच्चशिक्षा के न तो उन्हें उपयुक्त रोजगार ही मिल सकता है, ओर न ही वे सत्ता में अपनी भागीदारी एवं समान प्रतिनिधित्व की मांग रख सकती हैं, साथ ही बिना उच्चशिक्षण प्राप्त किये उनके हितों की रक्षा हेतु पारित कानूनों की जानकारी प्राप्त नहीं कर सकती इसलिए उच्च शिक्षा से बालिकाऐं उनके कॅरियर में बाधक संरचनात्मक रूकावटों के प्रति जागरूक हो रही है। बिना उच्च शिक्षा के वे लिंग पर आधारित असमतावादी सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों को बदलने का साहस नहीं कर सकती है।

यह सही है कि उच्चशिक्षा ने बालिकाओं को घर से बाहर नौकरी करने के अवसर उपलब्ध कराएं है परंतु उनमें आत्मनिर्भरता नहीं आ पाई हैं, क्योंकि बहुत कम कामकाजी युवा बालिकाएं ऐसी है जिनका अपनी आय के सदुपयोग हेतु निवेश-नियंत्रण है।

उच्चशिक्षा एवं रोजगार बालिकाओं में राजनीतिक सहभागिता एवं सत्ता में भागीदारी को बढ़ावा देने वाली होनी चाहिए, साथ ही शिक्षा ऐसी हो जिससे बालिकाओं में स्वयं निर्णय लेने की क्षमता विकसित हो सके। प्रश्न यह भी उठता है कि क्या उच्चशिक्षा प्राप्त बालिकाएं अपने अधिकारों की रक्षा हेतु निर्मित कानूनों के प्रति सचेत है? यहाँ भी स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। घरों और कार्यस्थलों पर उनके शोषण के बढ़ते हुए मामले इस तथ्य के द्योतक हैं कि उच्चशिक्षा भी उनमें यह जागरूकता नहीं ला पायी है। अत: कहीं न कहीं उच्चशिक्षा को मूल्यपरक भी बनाए जाने की आवश्यकता है।

वैश्विक स्तर पर जहां महिलाओं के सम्मान एवं प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए, वहीं भारत में भी स्वतंत्रता के बाद सरकार द्वारा महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए कई संवैधानिक व कानूनी कदम उठाए गए। जिस तरह से उच्च शिक्षा में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु पर्यावरण को पाठयक्रम का अनिवार्य विषय घोषित किया गया है, इसी तरह से बालिकाओं को कानून का पाठ भी अनिवार्य रूप से पढ़ाना होगा। इसके लिए प्रत्येक महाविद्यालय में विधिक सहायता शिक्षण शिविर और मानवाधिकार शिविर का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि वे अपने अधिकारों से परीचित हो सके और उनके हक में बने कानूनों का लाभ उठाकर गरिमामय जीवन जी सके।

संयुक्त राष्ट्रसंघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय बालिकाएं पोषण, साक्षरता व लिंगानुपात तीनों में ही अत्यंत शोचनीय स्थिति में है। स्थिति यहीं पर नहीं थमती घरेलू हिंसा के मोर्चे पर भी बालिकाएं /महिलाओं की स्थिति इतनी बदतर है कि 2005 में संसद को घरेलू हिंसा निवारक अधिनियमपारित करना पड़ा, किंतु वह भी पर्याप्त प्रभावी नहीं हुआ। केरल को छोड़कर अन्य राज्यों ने इस अधिनियम का परिपालन करवाने हेतु गठित प्रकोष्ठों का उत्तरदायित्व ऐसे अधिकारियों कों सौंप दिया, जिन पर पहले ही अन्य पर्याप्त प्रशासनिक प्रभार थे, परिणाम यह हुआ कि कानून बनने के बाद भी घरेलू हिंसा में 30: वृद्धि हुई।

यह खुशी की बात है कि स्वतंत्र भारत में महिलाओं को सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई जनहितकारी योजनाएं आरंभ की गई है। भारत सरकार द्वारा आरंभ राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण मिशनऔर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आरंभ लाड़ली लक्ष्मी योजना और मुख्यमंत्री कन्या धन योजना इसके उदाहरण है किंतु उन्हें पूर्ण आत्मनिर्भर एवं स्वनियंता बनाने के लिए पंचायती राज की तरह ही संसद तथा विधायिकों में भी आरक्षण सुनिश्चित करना चाहिए।

बलात्कार व यौनजन्य हिंसा की कार्यवाही फास्ट ट्रैक कोर्ट में होनी चाहिए। इस हेतु भारतीय दंड संहिता की धारा 376 में सुधार की पर्याप्त गुंजाईश है। कानून में जिस तरह से हत्या के लिए मृत्युदंड का प्रावधान है उसी तरह से बलात्कार के लिए भी मृत्युदंड का प्रावधान होना चाहिए, क्योंकि इससे पीड़ित का समाज में जीना दुभर हो जाता है।

दहेज हत्या 304-बी में भी संशोधन अपेक्षित है। दहेज-हत्या के लिये भी मृत्युदंड का प्रावधान होना चाहिए। इसी के साथ मानव तस्करी के प्रावधानों को भी कठोर बनाने की जरूरत है। महिलाओंको सम्मानजनक स्थान दिलाने के उद्देश्य से लोकसभा में विगत दिनों पेश कामकाजी महिलाओं विषयक यौन उत्पीड़न निरोधक विधेयक में भी सुधार अपेक्षित है। विशाखा बनाम राजस्थान राज्य (1997) -इस बहुचर्चित वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने नियोजन के दौरान यौन शोषण के विरूद्ध यौन/लैंगिक समानता के मानव अधिकार के प्रभावशाली प्रवर्तन के लिए कानून बनाने की आवश्यकता रेखांकित की तथा अभिनिर्धारित किया कि जब तक ऐसा कानून पारित नहीं होता तब तक न्यायालय के मार्गदशक सिद्धान्तों को लागू किया जाए।

भारत में बालिकाओं की संख्या घट रही है। अत: कन्या भ्रूण हत्या पर कारगर नियंत्रण हेतु कानूनी पहल की गई। प्रसव- पूर्व तकनीक निवारण अधिनियम 1994 के अंतर्गत कन्या भ्रूण हत्या एक गैर- जमानती अपराध हैं बाल-विवाह प्रतिबंधित अधिनियम के होते हुए भी बाल-विवाह की कुप्रथा जारी है अत: आवश्यक है कि उच्च शिक्षा के माध्यम से सामाजिक जागरूकता लाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के प्रयास किये जाएं।

अभी भी परिवार में परम्परा के आधार पर बालिकाओं को समान उत्तराधिकार नहीं दिया जाता हैं, परंतु हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम-1956 के अनुसार बालिकाओं को भी अपने मायके की सम्पत्ति पर समान अधिकार हैं। कामकाजी महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान विशेष स्वास्थ्य सुविधा देने का प्रावधान हैं। नियोजक द्वारा ऐसी सुविधाएं देने से इंकार करना गैर कानूनी हैं। इसी तरह से समान पारिश्रमिक का भुगतान करने और नियोजन में लिंग के आधार पर स्त्रियों के विरूद्ध विभेद किए जाने का निवारण करने तथा उससे संबंधित विषयों पर उपबंध हेतु अधिनियमित किया गया हैं।

उपर्युक्त अधिनियमों के अलावा बालिकाओं के लिए बागान श्रम अधि.,1951; खान अधि. 1952, विशेष विवाह अधि. 1954, अनैतिक व्यापार निवारण अधि. 1956, प्रसूति प्रसुविधा अधि. 1961, ठेका श्रम अधि. 1970, वैश्यावृत्ति निवारण अधि. 1986, स्त्री अशिष्ठ निरूपण निषेध अधि. 1986; दहेज निषेध अधि.1986, सती निषेध अधि. 1987 और 73 वाँ व 74 वाँ संशोधन अधि. 1992 इत्यादि समय-समय पर अधिनियमित किए गए। लेकिन बहुत-सी बालिकाएं/महिलाएं सामाजिक या आर्थिक सहारे के अभाव में संबंधित कानूनों की मदद नहीं ले पाती हैं। कानूनों पर भी अमल नहीं हो पाता है, क्योंकि बालिकाओं/महिलाओं पर ज्यादतियों को कहीं-न-कहीं सामाजिक मान्यता मिली रहती हैं, इसलिए समाधान सजा के सख्त प्रावधानों में नहीं है, बल्कि जनता मानसिकता में छिपा है। सोच नहीं बदली, तो बालिकाएं सुरक्षित नहीं हो सकती ।

संविधान के द्वारा भी बालिकाओं को विकास के समान अवसर प्रदान

करने के लिए कुछ विशेष व्यवस्थाएं की गई। जैसे अनुच्छेद 14 के अंतर्गत राज्य किसी भी व्यक्ति को कानून के समक्ष समानता या कानून के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा चाहे वह महिला हो या पुरूष। अनुच्छेद 15 (3), अनु. 16, अनु. 19, अनु. 39 (घ), अनु. 47, अनु. 51 क (ड) और अनु. 243 (घ) (न) में बालिकाओं क लिए उपयोगी प्रावधान हैं। अनु. 23-24 में नारी क्रय-विक्रय तथा बेगार प्रथा पर रोक का प्रावधान है और अनु. 42 में महिलाओं के लिए प्रसूति सहायता का प्रावधान हैं।

इसी के साथ यह भी सच हैं कि उच्चशिक्षा के माध्यम से ही विकास के सभी क्षेत्रों में बालिकाओं ने अप्रत्याशित उन्नति कर अपनी योग्यता का लोहा भी मनवाया हैं। आवश्यकता इस बात की हैं कि शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर बढ़ाया जाय।

प्राकल्पनाओं की पुष्टि :- उपर्युक्त प्रस्तुत शोध परिदृश्य के आधार पर इस शोध में प्रथम प्राकल्पना है कि सरकार द्वारा किये गये प्रयास से बालिका सशक्तिकरण के अवरोधी कारकों को दूर करने में सहायता मिली है तथा उनकी जीवन दिशा उन्नत हुई है। यहाँ इस कथन की पुष्टि होती हैं क्योंकि शिक्षा प्राप्त बालिकाओं/महिलाओं के ज्ञान एवं कौशल का उन्नयन हुआ है जिसके कारण सभी क्षेत्रों में अपने अधिकारों के प्रति उनकी जागरूकता एवं आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है तथा पुरूष वर्ग भी उनकी यथोचित प्रस्थिति को स्वीकृति देने लगा है। बालिकाएं संगठित होकर अपना पक्ष रख रही हैं तथा उन्हें स्वाभिमानपूर्वक जीवन जीने का अवसर भी उच्चशिक्षा के द्वारा ही उपलब्ध हो रहा है।

यहाँ दूसरी शोध प्राकल्पना है कि बालिकाओं हेतु विरचित संवैधानिक एवं विधिक प्रावधान उनके सशक्तिकरण हेतु यथोचित एवं पर्याप्त हैं, इस कथन की यहां पुष्टि नहीं हुई हैं क्योंकि प्रचलित कानून व्यवस्था अपर्याप्त होने के कारण संशोधन वांछित हैं, जिनका उल्लेख प्रस्तुत शोध में किया जा चुका है, फिर भी यहां उल्लेखनीय है कि उपलब्ध एवं प्रचलित कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है, इसके लिए भारतीय समाज के सभी वर्गो को उत्तरदायित्व बोध एवं मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता होना चाहिए।

निष्कर्ष :-निष्कर्ष रूप में बालिकाओं को सभी तरह के अधिकार दिए जाने के बावजूद भी बालिकाओं पर शोषण एवं अत्याचार जारी हैं। 21 वीं सदी बालिकाओं की सदी मानी जा रही हैं, किन्तु यह बात तभी सच साबित होगी जब बालिकाओं के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा और उनके अधिकारों का ग्राफ ऊँचा उठेगा, किन्तु ऐसा तभी संभव हैं जब शिक्षा द्वारा युवा पीढ़ी में एक सकारात्मक वातावरण विकसित किया जाय। जीवन में गुणवत्ता से संबंधित मूल्यपरक शिक्षा ही युवा पीढ़ी को सही दिशा प्रदान कर सकती है। बालिकाओं को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए सर्वप्रथम समाज की सोच सकारात्मक होनी चाहिए इसके लिए शिक्षा का गुणात्मक होना अनिवार्यत: आवश्यक है।

संदर्भ :-

1. मध्यप्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण, आर्थिक एवं सांख्यिकीय संचालनालय म.प्र. पृष्ठ 110
2. विशाखा बनाम राजस्थान राज्य (1997) संबंधी वाद में मानवीय सर्वोच्च न्यायलय का निर्णय
3. दैनिक भास्कर, समाचार पत्र.
4. दैनिक नई-दुनिया, समाचार-पत्र।
5. स्त्रोत : यू.जी.सी., वार्षिक रिपोर्ट, 2009-10, P.312.



जनहित में जारी: बालिकाओं को पढ़ाओ और देश का भविष्य बनाओ..

उपभोक्ताओं के आर्थिक हित संरक्षण में जिला उपभोक्ता फोरम का योगदान (उज्जैन जिले के विशेष संदर्भ में)

समता मेहता (कटारिया) 111, धानमण्डी, रतलाम (म.प्र.)

भारत में समता और समृद्धि का अमृत कुंभ लाने के लिये, दुष्ट शक्ति रूप सर्पों को पदतल में कुचल कर, मन में उठी वेदना की उमंगों को पंखों में समाकर देश का जयगान जगत में गुंजित रखने की महत्वाकांक्षा लेकर, पक्षीराज गरूड़ की तरह देश की ग्राहक चेतना जागृत उठे और शोषण मुक्ति का हमारा संकल्प पूरा कर सके।

यह शोध पत्र उपभोक्ताओं के आर्थिक हित में उन्हें विपणन क्रियाओं के दौरान वस्तुओं की खरीददारी के पूर्व तथा बाद में पूर्ण अर्थ लाभ प्राप्ति से संबंधित जागरूक एवं शिक्षित करने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया है जिसमें उपभोक्ताओं को जिला उपभोक्ता फोरम में प्राप्त व दर्ज मुकदमों, निराकृत व लंबित मुकदमों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई है। जिससे उपभोक्ता मूल्य चुकाने के बाद प्राप्त वस्तु एवं सेवा के उपयोग के दौरान अधिकतम संतुष्टि प्राप्त कर सके व पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में उसका व्यय व्यर्थ न हो तथा मानसिक, शारीरिक व आर्थिक परेशानियों से उपभोक्ता को बचाया जा सके।

आज उपभोक्ता की उपभोग की वस्तुओं एवं सेवाओं की सूची में निरन्तर वृद्धि हो रही है। व्यक्ति की बढ़ती भोगवादी प्रवृत्ति ने उसे विभिन्न समस्याओं में जकड़ रखा है जिसका लाभ विक्रेता द्वारा अधिक धन कमाने के लालच तथा बढ़ती महंगाई, कम नाप तौल, मिथ्या छाप आदि समस्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।

आज के पूंजीवादी युग में उपभोक्ताओं की कई प्रमुख समस्याएं है जैसे- अनावश्यक क्रय, चुनाव की समस्या, झूठे भ्रामक विज्ञापन, बाजार की वास्तविक स्थिति व मूल्यों के प्रति अज्ञानता, उपभोक्ता की मानसिकता, काला धन, गरीबी, मिलावट, दोषपूर्ण भार एवं माप, निम्न गुणवत्ता की वस्तु, कीमतों में वृद्धि, विक्रेताओं का अशिष्ठ व्यवहार, गलत लेबल का उपयोग आदि है। जिनसे संबंधित समाधान एवं शिक्षा जिसे ''उपभोक्ता शिक्षा'' कहा जाता है की अत्यन्त आवश्यकता है, जिससे विक्रेता द्वारा उनका जो शोषण किया जाता है उससे मुक्ति दिलवाने के लिये तथा उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिये उपभोक्ताओं में जागरूकता लाने हेतु उपभोक्ता जिला फोरम से संबंधित जानकारी को सामान्य उपभोक्ता तक पहूँचाना अत्यन्त आवश्यक है। क्योंकि आज भी सामान्य उपभोक्ता का 48 प्रतिशत अनजान है तथा 28 प्रतिशत को अपूर्ण जानकारी है।

उपभोक्ताओं की समस्याओं को दूर करने के लिये तथा पूर्ण अर्थ लाभ व उचित न्याय की प्राप्ति के लिये सरकार द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत् जिला उपभोक्ता फोरम का भी गठन किया गया है। जो कि अधिकतम उपभोक्ताओं की समस्याओं को वैधानिक रूप से न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से निपटाने के लिये प्रयत्नशील होते हैं। उज्जैन जिले में विधि विभाग के तत्वाधान से सन् 2011 में जिला न्यायाधीश श्री ओ.पी. शर्मा, अध्यक्ष तथा सुश्री मधुबाला जैन एवं श्रीमती विद्या व्यास, सदस्य के रूप में नियुक्त किये गये। उज्जैन जिले के जिला उपभोक्ता फोरम में कार्यरत वर्तमान कार्यकारिणी सदस्यों से उपभोक्ता, उत्पादनकर्ता व विक्रेता के संदर्भ में चर्चा करने पर निष्कर्ष के रूप में तथ्य सामने आये हैं कि उपभोक्ता सदैव सही होता है क्योंकि उत्पादनकर्ता विक्रेता की आर्थिक क्रियाओं व लाभ कमाने की प्रवृत्ति उपभोक्ता को आकर्षित करने के लिये विभिन्न तरीकों का उपयोग करने को मजबूर करती है किन्तु यह सार्वभौमिक सत्य है कि उपभोक्ता शिक्षा, उपभोक्ता जागरूकता व उपयोग की जाने वाली प्रत्येक वस्तु व सेवा की जानकारी उपभोक्ता का अधिकार है और वस्तु व सेवा की सही गुणवत्ता व सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अंतर्गत न हो तो उपभोक्ता, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत् न्याय पाने का हकदार है।

उपभोक्ताओं की समस्याओं के लिये उज्जैन जिले में स्थापित जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा सराहनीय कार्य किये गये हैं। तथ्य का स्पष्टीकरण उज्जैन जिले के उपभोक्ता फोरम में प्राप्त मुकदमों और उनके निराकरण की न्यायिक स्थिति का विश्लेषण निम्न तालिका क्रमांक 01 से स्पष्ट हो रहा है।

वर्ष	प्राप्त मुकदमें	दर्ज मुकदमें	प्रतिशत	निराकरण	प्रतिशत	लंबित	प्रतिशत	निरस्त	प्रतिशत
2006	382	361	94.50	239	66.20	60	16.62	62	17.1
2007	553	506	91.50	366	72.33	63	12.45	77	15.2
2008	742	689	92.82	460	66.39	173	25.10	56	8.12
2009	332	242	72.89	146	60.33	78	32.25	18	7.43
2010	426	419	98.35	384	91.6	08	1.90	27	6.44
2011 (अक्टूबर)	282	234	82.97	196	83.76	16	6.83	22	9.40
योग	2717	2451	90.26	1791	73.43	398	15.85	262	10.61
औसत	452.53	408.5	90.26	298.5	73.43	66.33	15.85	43.67	10.61

स्त्रोत - कार्यालय जिला उपभोक्ता फोरम, उज्जैन

उज्जैन जिले में प्राप्त मुकदमों की न्यायिक स्थिति का ग्राफीय प्रदर्शन



उपरोक्त स्थिति का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि 2010 में प्राप्त मुकदमों का सर्वाधिक 98.35 प्रतिशत तथा द्वितीय स्थान पर 2006 में 94.50 प्रतिशत पर दर्ज किये गये। सबसे कम मुकदमें 2009 में 72.89 प्रतिशत तथा 2011 में 82.97 प्रतिशत दर्ज किये गये। 2009 में कुल 332 ही प्राप्त हुए जो पिछले वर्षो में सबसे कम थे। जिसमें 332 में से 224 मुकदमे ही दर्ज किये गये, जिसका प्रतिशत 72.89 था। अक्टूबर 2011 तक भी

282 मुकदमें ही प्राप्त हुए जिनमें से 234 मुकदमें ही 82.97 प्रतिशत पर दर्ज किये गये। उपभोक्ता फोरम मे उपर्युक्त संबंध में जानकारी मांगने पर संबंधित दो सालों में कम मुकदमों के प्राप्त व दर्ज होने का कारण जानने का प्रयास किया। मा. श्री ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि जहॉ तक कम मुकदमों के प्राप्त होने का प्रश्न है तो कभी-कभी ऐसा होता है कि कुछ मुकदमें फोरम आने की जगह सिविल कोर्ट में चले जाते हैं, कुछ उपभोक्ताओं को उपभोक्ता जिला फोरम के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं होती और कभी-कभी उन्हें इसकी प्रक्रिया जटिल लगती है।

दर्ज मुकदमों के संबंध, उपभोक्ता फोरम में आपसी समझ, तालमेल, शिकायत का तरीका, आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति, समय सीमा, वस्तु/सेवा शिकायत का तरीका आदि कई कारण मुकदमों को दर्ज करते समय प्रभावशाली रहते हैं।

उपर्युक्त कारणों से ही इस समय कम मुकदमें दर्ज किये गये होंगे। यदि उपभोक्ता फोरम में पिछले 5 सालों में दर्ज मुकदमों के निराकरण की स्थिति को देखें तो 2010 में सर्वाधिक 91.6 प्रतिशत मुकदमों का निराकरण किया गया।। द्वितीय स्थान पर 2011 में 83.76 प्रतिशत मुकदमों का निराकरण हुआ। सबसे कम 2009 में 60.33 प्रतिशत मुकदमों का निराकरण हुआ। फिर भी औसतन 73.43 प्रतिशत मुकदमों का निराकरण हुआ है। जो उपभोक्ता संरक्षण के दृष्टिकोण से अच्छा प्रयास है।

निम्नलिखित मुकदमों में साक्ष्य, आवश्यक दस्तावेज या अन्य कुछ न्यायिक कमी के कारण कुछ मुकदमें लंबित रहे, जिसमें 2009 में सर्वाधिक 32.23 प्रतिशत तथा 2008 में 25.10 प्रतिशत मुकदमें लंबित पाये गये, सबसे कम लंबित मुकदमों का आंकड़ा 2010 में 1.90 प्रतिशत रहा जो कि उपभोक्ता की संतुष्टि एवं उपभोक्ता पक्ष में निराकरण की स्थिति को स्पष्ट करता है।दस्तावेजों की पूर्ति न होने उपभोक्ता के दोषपूर्ण वस्तु एवं सेवा के प्रमाणीकरण साक्ष्य जैसे - बिल, वारंटी कार्ड आदि आवश्यक दस्तावेजों की अनुपस्थिति में कमी एवं शिकायतकर्ता उपभोक्ता के उपस्थित न होने की स्थिति में कुछ मुकदमें पिछले वर्षों में निरस्त किये गये। 2006 में सर्वाधिक 17.1 प्रतिशत मुकदमें निरस्त हुए तथा 2007 में 15.2 प्रतिशत। सबसे कम मुकदमों का निरस्तीकरण 6.44 प्रतिशत 2010 में रहा जो कि उपभोक्ता शिक्षा व जागरूकता के बढ़ते प्रतिशत का सूचक है।

उज्जैन उपभोक्ता फोरम द्वारा 2006 से अक्टूबर 2011 तक कुल जितने मुकदमों का निराकरण किया गया, निराकरण की स्थिति उपभोक्ता के पक्ष में, विपक्ष में कितने प्रतिशत रही तथा अन्य क्या आधार रहे, उन्हे अध्ययन करने पर, निराकरण के कुछ मुख्य बिन्दु स्पष्ट हुए, जिन्हें निम्न तालिका क्रमांक 02 में स्पष्ट किया गया है।

उज्जैन जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा निराकृत किये गये मुकदमों का ग्राफीय प्रदर्शन



उज्जैन जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा निराकरण किये गये आवेदनों का विश्लेषण करने पर सर्वाधिक आवेदनों का निराकरण 2011 में 93.87 प्रतिशत उपभोक्ता के पक्ष में तथा सबसे कम मुकदमों का निराकरण 2007 में 54.45 प्रतिशत उपभोक्ता के पक्ष में हुआ। जिससे स्पष्ट होता है कि फोरम में आये गये मुकदमों का निराकरण शीघ्र तथा न्यायपूर्ण तरीके से किया जाता है। जिससे उपभोक्ताओं के आर्थिक हित संरक्षण में योगदान मिलता है। उपरोक्त विश्लेषण में सन् 2006 में सबसे अधिक 39.33 प्रतिशत मुकदमें उपभोक्ता के विरूद्ध सुनाए गए। जिसमें कारण के रूप में आवश्यक दस्तावेजों की कमी व उपभोक्ता की समझ का अंतर पाया गया। सामान्यतया उपभोक्ता एवं विक्रेता कर चोरी के उद्देश्य से पक्का बिल का लेन-देन नहीं करते हैं। तो उत्पाद में आने वाली समस्याओं का भी मुकदमा बिना बिल के दर्ज नहीं हो जाता है या उपभोक्ता के विरूद्ध फैसला हो जाता है।

निष्कर्ष - उपभोक्ता जिला फोरम का उद्देश्य उपभोक्ता संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ाना है। उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर निष्कर्ष के रूप में तथ्य सामने आया है कि उज्जैन जिला उपभोक्ता फोरम ने उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिये जो प्रयास किये और जो कदम उठाए है वो सराहनीय है फिर भी कहीं ना कहीं इन प्रयासों में कमी है जो आज भी उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। अध्ययन के दौरान उपभोक्ताओं के अनुसार उन्हें उज्जैन जिले में स्थित उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर सरकार द्वारा ''जागो ग्राहक जागो'' जैसे विज्ञापन, समाचार पत्रों में, उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित विज्ञापन, उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित जानकारी आदि समय-समय पर प्रसारित की जाती

निराकरण के बिन्दु	वर्ष / विवरण	2006		2007		2008		2009		2010		अक्टूबर 2011	
		मुकदमों की संख्या	प्रतिशत	मुकदमों की संख्या	प्रतिशत	मुकदमों की संख्या	प्रतिशत	मुकदमों की संख्या	प्रतिशत	मुकदमों की संख्या	प्रतिशत	मुकदमों की संख्या	प्रतिशत
निराकरण पक्ष में		**145**		**242**		**328**		**137**		**372**		**190**	
अ. तकनीकी आधार पर आवेदन का निराकरण		13	5.43	32	8.74	28	6.08	35	23.97	28	7.29	04	2.04
ब. समय सीमा के आधार पर आवेदन का निराकरण		04	1.67	18	4.91	07	1.52	06	4.10	11	2.86	02	1.02
स. अन्य आधार पर आवेदन का निराकरण		128	53.55	192	54.45	293	63.63	96	65.75	333	86.71	184	93.87
उपभोक्ता के विरूद्ध निराकरण		94	39.33	124	33.81	132	28.69	09	6.16	12	3.12	06	3.06
योग		**239**	**99.98**	**366**	**99.97**	**460**	**99.92**	**146**	**99.98**	**384**	**99.98**	**196**	**99.94**
औसत		**59.75**	**99.98**	**91.5**	**99.97**	**11.5**	**99.92**	**35.5**	**99.98**	**96**	**99.98**	**49**	**99.94**

स्त्रोत :- कार्यालय, जिला उपभोक्ता फोरम, उज्जैन।

है। परन्तु उज्जैन उपभोक्ता फोरम द्वारा ऐसा कोई प्रयास स्थानीय स्तर पर नहीं किया जाता है। उज्जैन जिलें में विश्लेषण के दौरान पूरे शहर में उपभोक्ता फोरम का कहीं कोई होर्डिंग नहीं दिखा, होर्डिंग के द्वारा आम उपभोक्ता को फोरम की जानकारी शीघ्र तथा सरल तरीके से हो जाती है।

निम्न उपायों से उपभोक्ता फोरम उपभोक्ताओं के आर्थिक हित संरक्षण में अपना शत-प्रतिशत योगदान देने में समर्थ हो पाएगा।

1. जिला उपभोक्ता फोरम का स्थानीय स्तर पर पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। शहर में कई जगहों पर होर्डिंग, समाचार पत्रों में विज्ञापन, स्थानीय चैनल पर प्रसारण जैसे उपायों को अपनाना चाहिये।
2. उपभोक्ता हित हेतु सेमीनार आयोजित कर, प्रतियोगिताएं आयोजित कर, स्लोगन आदि के माध्यम से भी जागरूक किया जा सकता है।
3. जो उपभोक्ता आवेदन लेकर फोरम में आते हैं, फोरम की कार्यकारिणी द्वारा उनके साथ सहयोगपूर्ण रवैया अपनाया जाना चाहिए। ताकि आम उपभोक्ता का विश्वास फोरम में और बढ़े।
4. राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी फोरम द्वारा नागरिकों को वस्तुओं की खरीददारी के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए ताकि वे विपणन क्रियाओं के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेजों को लेना न भूलें।
5. फोरम में आवेदन व निराकरण काफी आसान व सस्ती प्रक्रिया है, जिसके प्रति यदि नागरिक जागरूक हो जाये तो वह शोषण के खिलाफ आवाज जरूर उठायेगा। इस प्रक्रिया में फोरम एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है, जिससे आम नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो पायेगा।

उपभोक्ता फोरम के द्वारा किये गये प्रयासों के साथ-साथ आम उपभोक्ता को भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा, शोषण के खिलाफ आवाज उठानी होगी, तभी सही मायनों में एक स्वस्थ विपणन प्रणाली का विकास संभव हो पायेगा।

संदर्भ :- - 1. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम एवं नियम 2005 2. टाईम्स ऑफ इण्डिया, 3. उद्यमिता पत्रिका, 4. योजना पत्रिका, 5- ISBN 0198256302 6. नई दुनिया, 7. दैनिक भास्कर, 8.कार्यालय, उज्जैन जिला उपभोक्ता फोरम

****

डॉ. पुरन सहगल का रचना संसार

डॉ. राजेन्द्र पैन्सिया
मनासा (म.प्र.)

डॉ. कृष्णा पैन्सिया
मनासा (म.प्र.)

डॉ. पूरन सहगल केवल नाम नहीं है, बल्कि एक व्यक्तित्व है। एक प्रेरक प्रसंग है। एक समर्पित लोक-मनीषी है। एक शोधार्थी है। एक यायावर है। ऐसा यायावर जो निरन्तर अपनी शोध-यात्राओं में प्रवासी रहता है। जो अहिर्निश लोक-साहित्य और लोक-संस्कृति के चिन्तन, मनन और अनुशीलन में संलग्न रहता है। डॉ. सहगल एक संस्था का नाम है। एक पाठशाला का नाम है। डॉ. सहगल 'एकला चलो' के सिद्धांत पर नित नवीन विषयों एवं संदर्भों को खोजकर उन्हें समाज के समक्ष प्रकट करने में संलग्न रहने वाले लोक पुरुष हैं। लोक और लोक-संस्कृति ही उनका धर्म है। वही इष्ट व अभीष्ट है। लोक-साहित्य के विषय में उन्होंने कहा भी है-

'लोक-साहित्य संस्कृति का ऐसा अखूट खजाना है, जैसा देवताओं के खजांची कुबेर के पास भी नहीं होगा। लोक-साहित्य में से संस्कृति के तत्वों को ढूँढ निकालना लोक-साहित्य पर कार्य करने वाले लोक साहित्य मर्मज्ञों का दायित्व होता है। यद्यपि लोक साहित्य में लोक संस्कृति के तत्व ठीक उसी प्रकार से खोजना होते है, जैसे हीरे की खदान में से हीरे को ढूँढ निकालना, ऐसा नहीं होता है, कि खदान में गये और हीरा उठाकर ले आये। हजारों लाखों पत्थर हटाने के बाद कहीं एक हीरा खोजा जा सकता है। जिसमें लाखों टन पत्थर खोदकर हटाने का धैर्य और साहस होता है वही अमूल्य हीरामणि प्राप्त कर सकता है। ऐसा ही लोक-साहित्य में होता है। केवल कुछ लोक-गीत लोक गाथाएँ, लोक-कथाएँ अथवा लोकोक्तियों आदि का संकलन कर लेना ही लोक-साहित्य का वास्तविक अभीष्ट नहीं होना चाहिए। लोक साहित्य का सीधा संबंध संस्कृति से होता है। उसमें हमारा गौरवशाली अतीत छुपा होता है, उस पर प्रकाश डालकर उसे वर्तमान से जोड़ने का सात्विक प्रयास हमें करना होगा।' यह सत्य है कि लोक-साहित्य का संकलन भी वैसा ही कठिन है जैसे पत्थरों से हीरा खोज निकलाना। इसी प्रकार डॉ. सहगल ने भी एक प्रयास किया है। मालवी लोक-साहित्य के अर्न्तमन में छिपी संस्कृति और मानव मूल्यों की पुनर्स्थापना का। डॉ. पूरन सहगल पूर्ण समर्पित भाव से अपनी आयु एवं आर्थिक स्थिति की परवाह न करते हुए आज भी वे पूरे मनोयोग से लोक साहित्य की सेवा में लगे हुए हैं।

मालवी लोक-साहित्य के अनुशीलन में डॉ. पूरन सहगल का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने मालवी लोक-साहित्य की प्रत्येक विधा चाहे वह लोक-गाथा हो, लोक-कथा हो अथवा लोक-गीत प्रत्येक क्षेत्र में उनका प्रदेय महत्वपूर्ण है। डॉ. सहगल ने मालवी लोक-साहित्य के किसी भी अंग को अध्ययन की दृष्टि से अछूता नहीं रहने दिया है, उन्होंने मालवी लोक-साहित्य का क्रमबद्ध अन्वेषण प्रस्तुत किया है। वे अपने व्यक्तिगत प्रयास से ही मालवी लोक-साहित्य के बिखरे पड़े मोतियों को सहेजने से सफल रहे हैं। उनके द्वारा मालवी लोक-साहित्य के अनुशीलन में किये गये शोध कार्यों पर दृष्टि डालें तो हमें ज्ञात होता है कि उन्होंने मालवी लोक-साहित्य में विवेचनात्मक, विश्लेषणात्मक, तुलनात्मक तथा भावनात्मक शैलियों में अध्ययन कर लोक-साहित्य के मर्म को समझाया है।

डॉ. सहगल ने मालवी लोकभाषा का बड़ी ही पैनी दृष्टि से अवलोकन किया है परन्तु डॉ. सहगल का शोध क्षेत्र मुख्यत: मालवा का मन्दसौर-नीमच क्षेत्र रहा है। इस क्षेत्र में बोली जाने वाली मालवी को राँगड़ी (रजवाड़ी) मालवी कहा जाता है। उनके द्वारा किया गया अधिकांश कार्य मालवा की इसी उपबोली में है, परन्तु डॉ. सहगल 'राँगड़ी मालवी' को 'दशौली मालवी' कहना ही उचित समझते है। जिस प्रकार उनके गुरु डॉ. चिन्तामणि उपाध्याय ने मालवी बोली को उसका उचित स्थान दिलाया है। उसी प्रकार मालवा के उत्तारी अंचल 'दशपुर जनपद' की बोली को भी उसका सही नाम व उचित स्थान दिलाने के लिये डॉ. सहगल संघर्षरहत हैं। डॉ. ग्रियर्सन ने इसका नाम 'राँगड़ी' रखा था। परन्तु डॉ. सहगल इस बात से असहमत हैं वे न तो इसे राँगड़ी मानते हैं, न ही रजवाड़ी। क्योंकि बिल्कुल सहज है, कि दशपुर जनपद कि बोली तो 'दशौरी मालवी' ही है।

इस विषय में उनके अपने मत है और वह उचित भी है। डॉ. सहगल ने अपने इस मत को मालवी लोक साहित्य के विद्धजनों के सामने रखा तो सर्व सम्मति से दशपुर जनपद की मालवी को दशौरी मालवी का नाम दिया गया। लोक-भाषा के क्षेत्र में डॉ. सहगल का यह महत्वपूर्ण प्रदेय है किसी बोली को उसका उचित मान सम्मान दिलवाना।

दशौरी मालवी का सुन्दर उदाहरण उनकी कृति 'भादवा की राणी' उल्लेखनीय है। जिसकी सभी कहानियाँ तो 'दशौरी मालवी' में है ही, साथ ही 'खम्मा म्हारी मां' नामक शीर्षक के अन्तर्गत उन्होंने मां भादवा राणी के सम्मुख अपने भावों को व्यक्त किया है। इसमें इतने सुन्दर मालवी शब्दों का प्रयोग किया गया है कि वे आज के परिप्रेक्ष्य में हमें सुनने को नहीं मिलते। .यही हमारी लोक भाषा और मालवी शब्दों की धरोहर है।

उन्होंने लोक में बिखरी पड़ी अनेक लोक-गाथाओं को समेटकर एक क्रम में प्रस्तुत किया है। 'दंभ का विष' उपन्यास दशपुर जनपद की दो जागीरों जीरन और कुशालगढ़ (महागढ़) के शासकों के दम्भ के कारण हुए विनाश की घटना पर आधारित है। प्रस्तुत उपन्यास से यह विदित होता है कि सत्ता और् सुन्दरी किस हद तक विनाश का कारण हो सकती है। दोनों का ही नशा विनाश के द्वार खोल देता है। यह उपन्यास हमें तत्कालीन राजनैतिक स्थितियों से अवगत करवाता है। हमारे देश के प्रत्येक महायुद्ध के मूल में एक नारी रही है। उसी प्रकार जीरन के सोनगरों और महागढ़ के चन्द्रावतों के वंश का सम्पूर्ण नाश करने वाले इस युद्ध के मूल में भी एक नारी ही है। 'कंचन कुँवर' और उसी के कारण .यह युद्ध हुआ जिसकी दास्ताँ आज भी दोनों ठिकानों के खण्डर बखानते से लगते है। यद्यपि यह उपन्यास एक अंचल विशेष की घटनाओं एवं परिस्थितियों पर आधारित है तथापि इसका उद्देश्य विशाल है युद्ध की विक्रालता, दम्भ की भयानक परिणति, नैतिक पतन तथा राजवैभव शक्ति के दुरुपयोग के संदर्भों में यह उपन्यास आज भी उतना ही समीचीन है, जितना अतीत में था। इस उपन्यास के माध्यम से डॉ. सहगल ने इतिहास और साहित्य को जोड़कर एक ऐसा सेतु बांधा है जिसे साहित्यिक इतिहास एक नया नाम दिया जा सकता है।

उपन्यास को पढ़ने पर ऐसा प्रतीत होता है मानों इसके सभी दृश्य हमारी आँखों के सामने उभरकर आ रहे हों और ये सब हमारे समक्ष घटित हो रहा है। उपन्यास के अतिरिक्त डॉ. सहगल का मालवी लोक-कथाओं के अनुशीलन

में महत्वपूर्ण योगदान रहा है मालवी लोक कथाओं में उनकी 'लोक वतावे' तथा 'सुगना' उल्लेखनीय संग्रह है।

लोक गाथा साहित्य में डॉ. सहगल ने लोक गाथा, विरद वखाण विधा पर विशेष और विस्तृत रूप से शोध कार्य किया है। आपने अनेक गाथाएँ व विरद बखाण को लोक की वाचिक परम्परा से संकलित कर उन्हें लिपिबद्ध किया है। लोक गाथा साहित्य में डॉ. सहगल का महत्वपूर्ण कार्य लोकनायक डूंगजी-जवारजी की लोकगाथा है। इस लोक गाथा संकलन में इन्होंने 1160 पंक्तियाँ संग्रहित की हैं। यह संग्रह भाषा की दृष्टि से, घटनाक्रम की दृष्टि से, कथाक्रम एवं कथा की पूर्णता की दृष्टि से, तथा गीतगाथा की दृष्टि से, बहुत महत्वपूर्ण है। यह दशपुर जनपद में उपलब्ध अब तक 'दशौरी मालवी' की सबसे बड़ी वीरगाथा है। 'डूँगजी' की यह गाथा लोक साहित्य. की लोक परम्परा में महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

यह गेय है और इतनी बड़ी गेय गाथा जो कहीं भी लिखित रूप से प्राप्त नहीं हुई। इस गाथा को संकलित करना डॉ. सहगल के लिये अत्यन्त कठिन कार्य था, इसे टुकड़े टुकड़े में सुनकर संग्रहित किया। गांव-गांव, डगर-डगर भोपों के पड़ावों के साथ घूमते हुए उन्होंने इस गाथा को अनेक भोपों से सुना और अनेक बार घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए लिखा है। डूँगजी जवारजी की यह गाथा मात्र गाथा ही नहीं, उस समय की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक परिस्थिति का चरित्र चित्रांगम भी है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए इस गाथा ने जन चेतना को जागृत करने का बड़ा मुखरित ओज दिया था। इन्हीं गाथाओं ने उस वक्त के स्वतंत्रता सेनानियों का शक्ति दी। अंग्रेजों को खुली चुनौती की ललकार देने के लिये, यही गाथाएँ स्वतंत्रता संग्राम की संजीवनी रही। ऐसी गाथाओं का डॉ. सहगल ने लोक की वाचिक परम्परा से संकलित कर उसे पुस्तक का रूप देकर लोक-साहित्य परम्परा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. सहगल द्वारा ही एक और लोक-गाथा 'टण्ट्यो भील बड़ौ लरैया' नामक पुस्तक के रुप में संकलित की गई है। गरीबों और असहायों के हितचिंतक तथा अन्याय के प्रतिकार के प्रतीक पुरुष के रुप में टंट्या मामा की ख्याति पूरे निमाड़ और मालवा में है।

इस प्रकार डॉ. सहगल की लोक साहित्य की महत्वपूर्ण एवं चर्चित पुस्तकें 'डूँगजी जवारजी' और 'टण्ट्या भील' जैसे लोक नायकों को समाज में देश के प्रति होने वाली ललक को प्रकट किया है। इन दोनों लोक नायकों में समानता है। यदि हम उन पर दृष्टि डालते है तब हम पाते है कि अंग्रेजों के रिकार्ड और उनके द्वारा लिखवाए गये इतिहास में ये दोनों ही अपने-अपने समय के विक्रांत डाकू थे। किन्तु डॉ. सहगल ने लोक में प्रचलित वाचिक रूप में जनाख्यान एवं लोक गीतों का संकलन कर यह सिद्ध कर दिया है कि यह दोनों ही अपने-अपने समय के बहुत बड़े स्वतंत्रता सेनानी थे।

डूगजी ने एक ऐसी जनक्राँति अपने समय में की जिसका मुकाबला करने में न तो अंग्रेजी सत्ता सक्षम थी और न ही देशी राजाओं की अंग्रेज समर्थक चाटुकार, सैनिक टुकड़ियां ही। इस दृष्टि से ये दोनों ही कृतियां लोक-साहित्य में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं।

डॉ. सहगल ने लोकोक्तियों लोरियों एवं बारहमासा का भी संकलन किया है। लगभग 2500 मालवी लोकोक्तियाँ, इनके संग्रह में उपलब्ध हैं। डॉ. सहगल का संपर्क ग्रामीण क्षेत्र से रहने के कारण उसी दौरान इन्होंने ये लोकोक्तियाँ संग्रहित की, इन लोकोक्तियों में जीवन के सभी रंगों का आभास होता है। ये लोकोक्तियाँ अनजाने में ही हमें बहुत सी शिक्षा दे जाती हैं। इसी तरह मालवी लोक-साहित्य की ममतामयी विधा लौरियाँ पर भी डॉ. सहगल ने महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने ग्रामीण अंचल में वृद्ध महिलाओं द्वारा सुनकर लगभग 35 लोरियों का संकलन किया है वक्त के साथ साथ यह विधा लुप्त होती जा रही है। परन्तु इन लोरियों में जितना ममत्व, स्नेह और् मंगल भाव छुपा है वह अदभुत और आनंददायक है। इन लोरियों को पढ़ने पर स्पष्ट होता है कि वे लोरियाँ केवल शिशु को सुलाने का संगीत या लय मात्र नहीं है। इसमें जीवनजय करने का संदेभ भी निहित है मानव मूल्यों, प्रकृति प्रेम, पारिवारिक सम्पन्नता ही मंगल कामनाएं समृद्ध और भरपूर परिवार की सौंधी सुगंध इन लोरियों में है। धर्म, नीति, न्याय और संस्कृति के अनेक संदर्भ इन लोरियों में सहज ही समा गए हैं। मां द्वारा अपने शिशु के लिए मंगल भाव भरे हैं। जीवन की शाश्वत व्याख्या जैसी इन लोरियों में हम पाते हैं वैसी अन्यंत्र नहीं मिलती। लोक साहित्य में आकण्ठ डूबे डॉ. सहगल ने पन्द्रह बारहमासों का भी संकलन किया है।

मालवी भाषा में गाये जाने वाले ये पारम्परिक बारहमासे हमारी संस्कृति की पुष्ट प्रमाणिक पहचान है। इनमें हमारे लोक-जीवन के पारिवारिक प्रसंग, खान पान, रहन सहन, वेषभूषा, रीति-रिवाज, पर्व त्यौहार, प्रकृति-चित्रण तथा नायक नायिका के मिलने बिछोह के अलावा सौतियां डाह, काल संभावना, अतीत प्रतीत के जैसे सजीव चित्रण इन बारहमासों में मिल जाते है। वैसे सहज ढंग से अन्यत्र कठिनता से ही मिल पाते है। अध्यात्मक और नीति-परक प्रसंगों की भी इन बारह मासों में कमी नहीं है। अधिकतर बारह मासों में राधा कृष्ण को आधार बनाकर नायक नायिका के संयोग, वियोग, रास, कालिमर्दन, कंसवध जैसे प्रसंगों के अतिरिक्त रामायण और महाभारत की विशिष्ट घटनाओं अथवा पात्रों को आधार बनाकर भी बारहमासों का सृजन किया गया है। कहीं-कही छह मासों की सृजना भी की गई है। मासों के अतिरिक्त दिनों को आधार बनाकर सतवार में की सृजना भी की गई हैं।

डॉ. सहगल ने चन्द्रसखी, नवनिधि कुँवर (खाँगारोत) एवं सुन्दर पर शोध कर एक महत्वपूर्ण कार्य किया है, अनेक भ्रांतियों को स्पष्ट करते हुए उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि चन्द्रसखी दशपुर जनपद के एक छोटे से गाँव बर्राना की रहने वाली थी।

डॉ. सहगल का लोक-साहित्य संकलन मालवी लोक-साहित्य की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मालवी लोक-साहित्य के अनुशीलन की परम्परा में डॉ. सहगल का महत्वपूर्ण योगदान है। लोक-साहित्य के साथ-साथ लोक-संस्कृति के भी कई रंग उनकी लेखनी से रंगे हैं। वो चाहे आदिवासी लोक-संस्कृति हो या कन्याओं का लोक पर्व 'संझा' या मालवा के लोक-नृत्यों से सज्जा उनका शोधपूर्ण आलेख, ऐसे कई रंग उनके साहित्य संकलन में छिटके पड़े हैं। इन सभी को बहुत ही सुन्दर रुप से प्रस्तुत किया है डॉ. सहगल ने।

डॉ. सहगल जितने साहित्य के संकलन, संपादन एवं लेखन में सक्रिय हैं उतने ही वे मौलिक सृजन में भी सक्रिय हैं। उनके सृजनात्मक लेखन की शुरुआत कविताओं से हुई थी। उनके काव्य सृजन में सामाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक और वर्तमान परिस्थितियों का समावेश होता है। उन्होंने हिन्दी तथा मालवी दोनों में ही काव्य रचना की है।

इनका एक काव्य संग्रह 'अंधेरे के उस पार' बहुत प्रसिद्ध हुआ था। उनकी एक छोटी किन्तु महत्वपूर्ण कृति है-' परत दर परत' .यह कृति उनकी लघु कथाओं का संग्रह है। डॉ. सहगल ने अपने क्षेत्र की अपराध पेशा जातियों का भी अध्ययन किया है। ऐसी ही एक जाति है- 'बाँछड़ा' इस जाति पर डॉ. सहगल की एक महत्वपूर्ण पुस्तक 'बाँछड़ा' प्रकाशित हुई है। यह पुस्तक उक्त जाति का समाजशास्त्रीय अध्ययन प्रस्तुत करती है।

डॉ. सहगल ने सौंधिया समाज का समाजशास्त्री अध्ययन प्रस्तुत किया है। इन जातियों के अध्ययन के साथ ही दलित लेखन में भी डॉ. सहगल की कलम खूब चली है। उन्होंने अपने क्षेत्र के दलित समुदाय की शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के लिये यथा शक्ति कार्य भी किया है। उनकी बाबा साहब अम्बेडकर से संबंधित पुस्तक ' एक और बुद्ध' के द्वारा हमें बाबा साहब के विषय में बहुत कुछ जानने को मिलता है। 'अक्षर पुरुष ज्योतिबा फुले' 19 वीं सदी के अप्रतिम व्यक्तित्व के धनी महात्मा ज्योति बा फुले को समर्पित है, उन्होंने सामाजिक समता, धार्मिक सहिष्णुता, आर्थिक न्याय, स्त्री शिक्षा और शोषण मुक्ति के लिये तथा मानवीय हक दिलाने के लिये अंतिम क्षणों तक संघर्ष किया।

उन्होंने किसान, श्रमिक, बहुजन समाज, दलित और महिलाओं पर हो रहे अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई और भाग्य, भगवान और भय से ग्रसित रुढ़िवादी विचारों पर आलोचना का चाबुक चलाया। डॉ. सहगल ने उनके इन्हीं संघर्षो की कहानी को प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया है। ज्योति पुरुष महात्मा फुले के समग्र जीवन दर्शन एवं उनके महान व्यक्तित्व तथा कृतित्व को प्रेरणादायक बारह सौपानों में प्रस्तुत किया है, 'मन्दसौर जिले में स्वतंत्रता संग्राम' नामक पुस्तक डॉ. सहगल की एक महत्वपूर्ण कृति है। इसके अतिरिक्त डॉ. सहगल का लोक-साहित्य पर आधारित उपन्यास है 'मर्यादा' जो रामकथा पर आधारित है। जिसमें राम कथा को नए स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है जो 32 अध्यायों में विभाजित है।

लोक-साहित्य, लोक-संस्कृति, कविता, कहानियाँ, उपन्यास आदि के अलावा भी जीवन में तथा अपने आसपास फैले इस वातावरण में ऐसी कई घटनाएं होती है। जो हमें प्रभावित करती है और सोचने पर मजबूर कर देती है। ऐसी कई घटनाएं या पक्षों पर डॉ. सहगल का भी ध्यान गया और इन विषयों पर भी इनकी लेखी बहुत चली क्योंकि वे सिर्फ सोचते ही नहीं है उन समस्याओं के समाधान के लिये यथा संभव प्रयास भी करते हैं।

अब वो चाहे नारी शिक्षा हो या नारी जाति की दुर्दशा या लगातार कटते जंगलों से प्रभावित होता मन और मानसून। उन्होंने अपने लेखों और रेडियोवार्ता के माध्यम से 'नारी व्यथा की कथा' एवं 'यदि पेड़ बन जाये प्रश्न 'सभी को आम जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। उनके ये आलेख एवं रेडियो वार्ताएं हमारी आत्मा को झकझोरने में समर्थ हैं। ये हमें सोचने पर विवश करती हैं कि क्या हमारी जीवनदायिनी नारी और उस जीवन को सिंचित करने वाले वृक्षों के प्रति हमारा कोई दायित्व नहीं है।

क्यों हम अपने पालनकर्ता की अवहेलना कर रहे हैं। जिनके बिना हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। डॉ. सहगल ने हर पक्ष को अपनी लेखनी से पूर दिया है और हमें सोचने पर मजबूर किया है कि हम सब मिलकर लोक साहित्य के संकलन, सम्पादन और अनुशीलन में उनके प्रेरक व्यक्तित्व से अनुप्रेरित होकर अपना सक्रिय योगदान दें। उनकी अब तक लगभग पैंतीस पुस्तकें प्रकाशित हैं तथा छह पुस्तकें प्रकाशनाधीन है एवं आठ पाँडुलिपियाँ प्रकाशनं की प्रतीक्षा में है। इसी माह उनकी पुस्तक 'धरण धणी देवनारायण' स्वयं में एक प्रमाणिक ग्रंथ है। एवं इसमें समग्रता भी है।

मालवा की 'भील लोक माताऐं' उनके लगातार तीन वर्षो के सतत शोध का दस्तावेज है। उनकी कृति 'संत पीपाजी एवं भक्ति आन्दोलन' हिन्दी साहित्य की अमूल्य निधि है। हम डॉ. सहगल के अच्छे स्वास्थ्य एवं सुदृढ़ कार्यक्षमता के लिये प्रभु से प्रार्थना करें कि वे उन्हें मालवी माता की सेवा करने में सदा सक्षम बनाए रखें।

संदर्भ ग्रंथ।

1. दंभ का विष- डॉ. पूरन सहगल- मालव लोक संस्कृति अनुष्ठान, मनासा (म.प्र.) 1978 ई.।
2. चारण की बेटी- डॉ. पूरन सहगल- मालव लोक संस्कृति अनुष्ठान, मनासा (म.प्र.) 1980 ई.।
3. लोक वतावे . डॉ. पूरन सहगल- संजोग प्रकाशन मनासा (म.प्र.) 1982 ई.।
4. परत दर परत . डॉ. पूरन सहगल- सतत प्रकाशन, उदयपुर (राज.) 1983 ई.।
5. सुगना- डॉ. पूरन सहगल- आस्था प्रकाशन, उज्जैन (म.प्र.) 1983 ई.।
6. लोक नायक डूंगजी जवारजी -डॉ. पूरन सहगल- मालव लोक संस्कृति अनुष्ठान, मनासा (म.प्र.) 10 फरवरी 1986 ई.।
7. मन्दसौर जिले का स्वतंत्रता संग्राम-डॉ. पूरन सहगल- मालव लोक संस्कृति अनुष्ठान, मनासा (म.प्र.) मार्च, 1987 ई.।
8. बाँछड़ा-डॉ. पूरन सहगल- विभूति प्रकाशन, दिल्ली - 1987 ई.।
9. एक और बुद्ध (डॉ. अम्बेडकर)-डॉ. पूरन सहगल- मालव लोक संस्कृति अनुष्ठान, मनासा (म.प्र.) 1998 ई।
10. टण्ट्यो भील बड़ौ लरैया -डॉ. पूरन सहगल- स्वराज संस्थान संचालनालय संस्कृति विभाग म.प्र. शासन भोपाल -2001 ई.।
11. टण्ट्या भील - -डॉ. पूरन सहगल- स्वराज संस्थान संचालनालय संस्कृति विभाग म.प्र. शासन, भोपाल -2001 ई.।
12. अक्षर पुरुष ज्योतिबा फुले -डॉ. पूरन सहगल- मालव लोक संस्कृति अनुष्ठान, मनासा (म.प्र.) 5 सितम्बर 2002 ई.।
13., लोह पट्टण पड़दाँ -डॉ. पूरन सहगल- मालव लोक संस्कृति अनुष्ठान, मनासा (म.प्र.) 2004 ई.।
14. लोरी गीत-डॉ. पूरन सहगल- राजस्थान फोक लोर स्टडी एण्ड रिसर्च सोसायटी, जोधपुर एवं पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर - 2005 ई.।
15. विरद वखाण और गाथा साहित्य-डॉ. पूरन सहगल- मालव लोक संस्कृति अनुष्ठान, मनासा (म.प्र.) 2005 ई.।
16. श्रृंगार कवयित्री सुन्दर (तक-तक करे शिकार)- डॉ. पूरन सहगल- स्व. चन्द्रराज भण्डारी साहित्य अकादमी, भानपुरा (म.प्र.), 2006।
17. बन्ना बन्नी गीत - डॉ. पूरन सहगल-राजस्थान फोक लोर स्टडी एण्ड रिसर्च सोसायटी, जोधपुर एवं पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर - 2006 ई.।
18. मालवा की कवयित्री चन्द्रसखी- डॉ. पूरन सहगल आदिवासी लोक कला एवं तुलसी साहित्य अकादमी (म.प्र.) 2009 ई.।
19. दशपुर जनपद की भीली लोक माताएँ- डॉ. पूरन सहगल- आदिवासी लोककला एवं तुलसी साहित्य अकादमी (म.प्र.) 2009 ई.।
20. धरम धणी देवनारायण -डॉ. पूरन सहगल- मालव लोक संस्कृति अनुष्ठान, मनासा (म.प्र.) 13 जनवरी 2009 ई.।
21. मालवा के संत भक्त - डॉ. पूरन सहगल -मालव लोक संस्कृति अनुष्ठान, मनासा (म.प्र.) 13 जनवरी, 2010।
22. मालवा देश सुवासणों -डॉ. पूरन सहगल - श्री झलक निगम सांस्कृतिक साहित्यिक शैक्षणिक पारमार्थिक न्यास, उज्जैन (म.प्र.) 3 अप्रैल, 2011।
23. संत पीपा एवं भक्ति आन्दोलन- डॉ. पूरन सहगल- आयावर्त्ता सांस्कृतिक संस्थान, दिल्ली, 2013 ई.।

योजना में मानव के आयाम

ड़ॉ. रिखब चन्द्र जैन
सहायक प्राध्यापक–अर्थशास्त्र
शासकीय स्नातकोत्तर, महाविद्यालय नीमच (म.प्र.)

अगर प्रत्येक व्यक्ति निवेश किये बगैर बचत करता है तो पूरा देश बचत नहीं कर सकेगा क्योंकि कुल उत्पादन कम होता जाएगा । इसलिए जो सिद्धांत एक व्यक्ति को लेकर आर्थिक रूप से विवेकपूर्ण माना जाता है वह समग्र स्तर पर उतना विवेकपूर्ण नही होता है तथा द्धितीय महायुद्ध के समय चर्चित की जरूरत पड़ी कि बच्चों को दूध पिलाने से बेहतर कोई निवेश नहीं हैं तात्पर्य मानव का विकास करना हैं। स्पष्ट है कि जनता के द्धारा ही विकास होता है और जनता ही विकास का मकसद भी है।

विकास के समय अर्थशास्त्री ज्यादा निवेश पर जोर देते है इसी भौतिक पूॅजी को ही ज्यादा महत्व दिया जाता है और मानवीय पूॅजी पर अंतिम जोर देते हैं अनेक देशो के पास वित्तीय पूॅजी खूब होने के बावजूद भी वास्तविक विकास नही कर पाये, एक जैसे प्राकृतिक संसाधन वाले समाज भी काफी अलग तरह से विकसित हुए है क्योंकि उनमें अलग–अलग तरह की मानवीय कुशलता थी।

हम अर्थशास्त्री बनकर बचत, निवेश, आयात और निर्यात तथा सकल राष्ट्रीय उत्पाद के बारे में ही ज्यादा सोचते रहते है। हांलाकि पिछले कुछ वर्षो में मानवीय पूंजी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण इत्यादि के बारे में भी जोर दे रहे हैं इस प्रकार अन्तत हम इस सिद्धांत को स्वीकार करने लगे हैं कि विकास का सच्चा लक्ष्य मानव कल्याण हैं। लोगो को विकास के केन्द्र में रखा जायें।

- **उद्देश्य :–** इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य यह हैं कि आर्थिक विकास योजनाओं में मानव का स्थान कैसा है और जब विकास के केन्द्र में मानव होता है तो आर्थिक विकास कैसा होता है।
- **परिकल्पना :–** विकास योजनाओं में मानव के आयाम कहॉ हैं, क्या आर्थिक विकास में मानव की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कुशलता इत्यादि का प्रभाव है।
- **विकास योजना में मानव :–** विकास योंजनाओं का लक्ष्य उत्पादन न होकर मानव होते तो शायद ज्यादातर विकास योजनाओं का स्वरूप ही बदल जाता। निम्न तत्वों से योजनाओं का स्वरूप बदला जा सकता हैं।

